The Issue is being made through the Book Building process in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended, ("**SCRR**") read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations. The Issue is being made through the Book Building Process, in compliance with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, wherein not more than 50% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers (the "**QIBs**" and such portion, "**QIB Portion**"), provided that our Company, in consultation with the BRLM, may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors, on a discretionary basis (the "**Anchor Investor Portion**"). One-third of the Anchor Investor Portion shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the price at which allocation is made to Anchor Investors. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Portion (other than Anchor Investor Portion) ("**Net QIB Portion**"). Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Investors out of which (a) one third of such portion was reserved for applicants with application size of more than 2 lots and up to such lots equivalent to not more than ₹ 10,00,000 and (b) two-third of such portion was reserved for applicants with application size of more than ₹ 10,00,000 provided that the unsubscribed portion in either of such subcategories could have been allocated to applicants in the other sub-category of Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Individual Investors in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Issue Price. All potential Bidders, other than Anchor Investors, are required to participate in the Issue by mandatorily utilizing the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective ASBA Account (as defined hereinafter) in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("**SCSBs**") or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of their respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For further details, please see "***Issue Procedure***" on page 323 of the DRHP.

This public announcement is being made in compliance with and in accordance SEBI press release no. PR No.36/2024 dated December 18, 2024 (208th SEBI Board meeting on "Review of SME framework under SEBI (ICDR) Regulations, 2018, and applicability of corporate governance provisions under SEBI (LODR) Regulations, 2015 on SME companies) to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Issue and has filed the DRHP dated April 18, 2025 which has been filed with the SME Platform of BSE Limited ("**BSE SME**").

This public announcement is made in compliance with pursuant to regulation 247 of the SEBI ICDR Regulation, 2018 along with Notification no. F. No, SEBI/LAD-NRO/GN/2025/233 dated March 3, 2025 and Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) (Amendment) Regulations, 2025 and applicability of corporate governance provisions under SEBI LODR Regulations, 2015 on SME Companies for fulfilling all additional criteria, the DRHP filed with the BSE SME shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of the BSE at www.bseindia.com, and the website of the Company at www.kiaasa.com, and at the website of BRLM i.e. Expert Global Consultants Private Limited at www.expertglobal.in ("**BRLM**"). Our Company hereby invites the members of the public to give comments on the DRHP filed with SME Platform of BSE with respect to disclosures made in the DRHP. The members of the public are requested to send a copy of their comments to BSE and/or to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company and/or the BRLM at their respective addresses mentioned herein below in relation to the Issue on or before 5:00 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the DRHP with BSE SME.

Investments in equity and equity-related securities involves a degree of risk and investors should not invest any funds in the Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue, including the risks involved. The Equity Shares in the Issue have not been recommended or approved by Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the DRHP. Specific attention of the investors is invited to "***Risk Factors***" beginning on page 37 of the DRHP.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the Red Herring Prospectus ("**RHP**") has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the DRHP.

The Equity Shares, when offered, through the RHP, are proposed to be listed on the SME Platform of the BSE Limited.

For details of the main objects of our Company as contained in its Memorandum of Association, see "***History and Certain Corporate Matters***" on page 182 of the DRHP.

The liability of the members of our Company is limited. For details of the share capital, capital structure of our Company, the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares of our Company subscribed by them of our Company, please see "***Capital Structure***" beginning on page 79 of the DRHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER	REGISTRAR TO THE OFFER	Company Secretary and Compliance Officer
EXPERT GLOBAL	Purva Sharegistry	KIAASA
EXPERT GLOBAL CONSULTANTS PRIVATE LIMITED 503 & 504, RG Trade Tower, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034, India **Tel No:** +91 11 4509 8234 **Email:** ipo@expertglobal.in **Investor Grievance Email:** compliance@expertglobal.in **Website:** www.expertglobal.in **SEBI Registration No:** INM000012874 **Contact Person:** Mr. Gaurav Jain **CIN:** U74110DL2010PTC205995	**PURVA SHAREGISTRY (INDIA) PRIVATE LIMITED** Unit no. 9 Shiv Shakti Ind. Estt J R. Boricha Marg, Lower Parel (E), Mumbai 400011 **Tel. No.:** +91 22 49614132 **Email:** newissue@purvashare.com **Website:** www.purvashare.com **Investor Grievance Email:** newissue@purvashare.com **SEBI Registration No.:** INR000001112 **Contact Person:** Ms. Deepali Dhuri **CIN:** U67120MH1993PTC074079	**Name:** Ms. Kanishka Singhal Company Secretary and Compliance Officer **Kiaasa Retail Limited** **Address:** Plot No 1/65, First Floor, SSGT Road, Industrial Area, Ghaziabad-201001 Uttar Pradesh, India **Telephone:** +91-9319008599 **Email:** cs@kiaasaretail.com;

Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, Book Running Lead Manager or Registrar to the Issue, in case of any pre issue or post issue related problems, such as non- receipt of letter of allotment, non- credit of allotted Equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP dated April 18, 2025.

Kiaasa Retail Limited
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Kanishka Singhal
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Ghaziabad, Uttar Pradesh
Date: April 21, 2025

Kiaasa Retail Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public Issue of its Equity Shares and has filed the DRHP dated April 18, 2025, with Stock Exchange. The DRHP shall be available on the website of the Stock Exchange i.e., BSE at www.bseindia.com, website of the Company at www.kiaasa.com and the websites of the Book Running Lead Manager to the Issue i.e., Expert Global Consultants Private Limited at www.expertglobal.in. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, please see the section entitled "***Risk Factors***" on page 37 of the DRHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with the Stock Exchanges for making any investment decision, and should instead rely on the RHP, for making investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933 (the "U. S. Securities Act") or any state securities law in United States, and unless so registered, and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the U. S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws.

This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the US Securities Act of 1933, as amended, or an exemption from registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements.

There will be no public offering of the Equity Shares in the United States.

प्राचीन पुस्तकें-शास्त्र जब भी उठाओ, तब उन्हें इस विश्वास से मत उठाओ कि उन पुस्तकों में दिए हुए प्रत्येक शब्द के गुलाम बन जाओ।

- स्वामी रामतीर्थ

संतुलन का संकेत

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब पारस्परिक शुल्क को लेकर दुनिया भर में अमेरिका के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। चीन के साथ अमेरिका की तनातनी दिनोंदिन तल्ख होती गई है। भारत में भी अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों के कयास लगाए जाने लगे थे। मगर जेडी वेंस के साथ बातचीत से द्विपक्षीय व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा, रणनीतिक और प्रतिरक्षा सहयोग पर कई तरह की आशंकाएं दूर होने की उम्मीद जगी है। इससे यह भी भरोसा बढ़ा है कि आने वाले समय में अमेरिका के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ रहने वाले हैं। हालांकि अमेरिकी प्रशासन के पारस्परिक शुल्क लगाने के फैसले पर भारत ने कभी कोई तीखी टिप्पणी नहीं की। उसने अमेरिकी मंशा के अनुरूप कई चीजों पर शुल्क घटा भी दिए थे। फरवरी में प्रधानमंत्री, ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे, तभी उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पेशकश की थी, जिसे अमेरिका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। फिलहाल दोनों के बीच व्यापार एक सौ नब्बे अरब डालर है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों के हल की उम्मीद है।

हालांकि अभी अमेरिकी प्रशासन ने अपनी शुल्क दरों को लागू करने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी है, पर इससे दुनिया की चिंताएं दूर नहीं हुई हैं। इसके बरक्स चीन ने अपने नए व्यापारिक साझीदार तलाशने शुरू कर दिए हैं। उसने एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। ऐसे में न केवल उन देशों के सामने शुल्क दरें बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता बढ़ गई है, बल्कि चीन के बदलते पैंतरे से अमेरिका के माथे पर भी बल पड़ने शुरू हो गए हैं। भारत के साथ रिश्ते खराब होने से उसे भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। मगर भारत ने शुरू से अमेरिका के साथ अपने संबंधों में किसी तरह की ठंडक नहीं आने दी है। वेंस की भारत यात्रा से दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप के विशेषाधिकार प्राप्त सहयोगी एलन मस्क से फोन पर बातचीत की थी, जिसमें तकनीकी सहयोग और व्यापारिक संबंधों में मजबूती लाने के संकल्प दोहराए गए थे। इस तरह वेंस की भारत यात्रा का आधार पहले से तैयार था और उसी के अनुरूप उन्होंने बातचीत को आगे बढ़ाया है।

भारत न केवल अमेरिका के लिए बड़ा बाजार, बल्कि बड़ा व्यापारिक साझीदार भी है। अमेरिका के पारस्परिक शुल्क थोपने से भारत के कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, वाहनों के पुर्जे, उच्च-स्तरीय मशीनरी, चिकित्सा उपकरण और आभूषण के क्षेत्र में बड़ा झटका लगने की आशंका बढ़ गई थी, तो अमेरिका के लिए दवा, आभूषण आदि क्षेत्रों में बड़े नुकसान का कयास है। एलन मस्क ने खुद भारत में अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया है। इसलिए वेंस की यात्रा दोनों देशों की जरूरतों के मद्देनजर हुई है। अब यह अमेरिका पर है कि वह किस तरह भारत सहित दूसरे देशों के साथ अपनी शुल्क नीति में संतुलन साधने का प्रयास करता है। भारत की चिंताएं व्यापार के अलावा दूसरी भी हैं, जिनमें वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार वीजा में सहूलियतें बढ़ना भी शामिल है। वेंस की यात्रा से संबंधों में संतुलन बनना शुरू हो गया है।

सेहत का पाठ

दुनिया भर में लगभग सभी देशों में स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर बहुस्तरीय कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जरूरी होने पर नियम-कायदे भी लागू किए जाते हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत सारे देशों में स्कूल परिसरों और उसके आसपास उपलब्ध खानपान की चीजें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कैसा असर डालेंगी, उसे ध्यान में रख कर ठोस नियम लागू नहीं किए जाते। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यानी आज भी ऐसे बहुत सारे स्कूल हैं, जहां बच्चों को खाने-पीने के सुरक्षित सामान नहीं मिलते और करीब चालीस फीसद देशों की सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेतीं। असुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उपाय नहीं किए गए हैं।

यह छिपा नहीं है कि स्कूल परिसर या उनके आसपास ऐसे डिब्बाबंद खाद्य या पेय पदार्थ आसानी से मिल जाते हैं, जिनके लगातार सेवन की वजह से बच्चों में मोटापा और अन्य प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी होती हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस मानक या कानूनी व्यवस्था न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। हालांकि इसे लेकर आए दिन सरकार के संबंधित महकमों की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किए जाते हैं कि वे अपने परिसर में या उसके आसपास उन खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाएं जो बच्चों की सेहत के लिए जोखिम भरे हैं। विडंबना है कि इस मसले की गंभीरता को जानते-बूझते हुए भी न तो सरकार की ओर अपेक्षित सख्ती बरती गई और न ही स्कूलों ने अपनी ओर से कोई गंभीरता दिखाई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे संघर्ष के हालात और अस्थिरता की वजह से जिस तरह खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ रही हैं, उसके बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्कूली बच्चों की सेहत के साथ शिक्षा के क्रम को जारी रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

प्राचीन पांडुलिपियां सहेजने की चुनौती

पांडुलिपियों के रूप में सुरक्षित ग्रंथों के शोध और संग्रह निरंतर होते रहे हैं। वर्ष 1803 में इन ग्रंथों का सूची-पत्र तैयार करने की पहली शुरुआत एशियाटिक सोसायटी ने की थी।

प्रमोद भार्गव

भारत में प्राचीन पांडुलिपियां कितनी हैं, इनका सुसंगत अनुमान लगाना कठिन है। अनेक पांडुलिपियां अब भी संरक्षित नहीं हैं। इस पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। एक अनुमान के मुताबिक लगभग डेढ़ करोड़ पांडुलिपियां उपलब्ध हैं। राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था कि ब्रिटेन के संग्रहालय में मुख्य रूप से चार लाख पांडुलिपियां आज भी सुरक्षित हैं। यद्यपि वहां से अब तक पचास हजार पांडुलिपियां मंगाई जा चुकी हैं। उनमें खगोल, गणित, ज्योतिष, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, रसायन, धातु विज्ञान, खेती-किसानी, अस्त्र-शस्त्र और आवागमन के साधनों से लेकर ईंधन की खोज और मानव मनोविज्ञान तक के धरातल की पड़ताल की गई है। पांडुलिपियों में सामाजिक जीवन के विविध पहलू संरक्षित हैं।

प्राचीन भारतीय पांडुलिपियां कितनी महत्त्वपूर्ण हैं, इस सिलसिले में एक प्रसंग याद किया जाता है। एक संस्कृत के विद्वान को लंदन की इंडिया हाउस लाइब्रेरी में उपलब्ध 'नाट्य-प्रदीप' की पांडुलिपि की आवश्यकता थी। इस पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की सूची में इस पांडुलिपि का नाम अंकित है। उनके एक मित्र लंदन जाते-आते रहते थे। उन्होंने पांडुलिपि लाने का दायित्व उनको सौंप दिया। लंदन से लौटने पर उन्होंने 'नाट्य-प्रदीप' की पांडुलिपि एक गोल डिब्बी में दी। वे अचंभित हुए तो मित्र ने बताया कि इस डिब्बी में एक माइक्रो चिप है। इसे माइक्रो फिल्म रीडर के माध्यम से कंप्यूटर पर खोल कर प्रिंट निकाला जा सकता है।

चार-पांच सौ पृष्ठ की नागरी लिपि में हस्तलिखित पांडुलिपि उनके हाथों में थी। उन्हें संदेह हुआ कि 'नाट्य-प्रदीप' तो इतने पृष्ठों की नहीं है, फिर यह क्या? मगर घर आकर जब उन्होंने पांडुलिपि पढ़नी शुरू की, तो उनका संदेह सच निकला। वह 'नाट्य-प्रदीप' की पांडुलिपि नहीं थी। हालांकि पांडुलिपि के प्रथम पृष्ठ पर शीर्षक और अन्य जानकारियां सूची के अनुरूप ही थीं। दरअसल, वह महाकवि दंडी के 'दशकुमारचरित' के तीसरे खंड की अधूरी प्रति थी। वे संस्कृत विद्वान उसके अध्ययन-मनन में लग गए। पूरी पांडुलिपि पढ़ने के बाद निष्कर्ष निकला कि यह उज्जैन के राजा विक्रमादित्य की कथा है। कालांतर में उन्होंने इस विक्रमादित्य कथा का गद्यानुवाद करते हुए उपन्यास का रूप दिया। उपन्यास में खगोलीय घटनाओं और विक्रम संवत के प्रारंभ होने के विज्ञान सम्मत आख्यान तो हैं ही, विक्रमादित्य के इतिहास नायक होने के तथ्य भी हैं।

पांडुलिपियों के रूप में सुरक्षित ग्रंथों के शोध और संग्रह निरंतर होते रहे हैं। वर्ष 1803 में इन ग्रंथों का सूची-पत्र तैयार करने की पहली शुरुआत एशियाटिक सोसायटी ने की थी। इस सोसायटी के चौथे अध्यक्ष एचटी कोलब्रुक ने सूची-पत्र तैयार करने के लिए प्रति वर्ष अतिरिक्त अनुदान का प्रबंध भी कराया। इसी क्रम में गर्वनर एलफिन्सटन ने जब संस्कृत ग्रंथों का अनुसंधान कराया, तो ज्ञात हुआ कि 1840 में जितने ग्रंथ भारत में पाए गए, उनकी संख्या ग्रीक और लैटिन भाषा के समस्त पश्चिमी और कतिपय एशियाई ग्रंथों से कहीं ज्यादा थी। इसके पहले वर्ष 1830 में फ्रेडरिक ने 350 संस्कृत ग्रंथों की सूची बनाई थी। वर्ष 1859 में बेल के शोध अनुसार इन ग्रंथों की संख्या तेरह सौ हो गई। कालांतर में 1891 आते-आते शियोगेर अलफ्रेस्ट ने जो सूची-पत्र बनाया, उसमें इन संस्कृत पांडुलिपियों की संख्या 32 हजार से ऊपर निकल गई। इसके बाद हरप्रसाद शास्त्री ने चालीस हजार पांडुलिपियों और 1916 में राहुल सांकृत्यायन ने 50 हजार ग्रंथों को खोज कर सूची-पत्र बना लिया।

> वर्ष 1981 में भारत की बख्शाली पांडुलिपि को प्राचीनतम गणित की पांडुलिपि माना गया। यह पांडुलिपि खैबर पख्तूनख्वा, पेशावर के एक किसान को मिली थी। भोजपत्रों पर यह संस्कृत में लिखी गई है। इसके केवल सत्तर पृष्ठ मिले हैं, शेष नष्ट हो गए हैं। इसे नौवीं शताब्दी का लिखा माना जाता है। पर जब इसकी लिखावट की आक्सफर्ड विश्वविद्यालय और बोडालियन पुस्तकालय के शोधकर्ताओं ने रेडियो कार्बन डेटिंग से जांच की, तो इसे तीसरी-चौथी शताब्दी का होना पाया गया। इससे यह निष्कर्ष भी निकाला गया कि ग्वालियर स्थित मंदिर की दीवार पर उत्कीर्ण शून्य का शिलालेख नौवीं शताब्दी का है, उससे भी पहले की यह पांडुलिपि है।

इन सूची-पत्रों की तैयारी के बाद पांडुलिपि शास्त्र के जर्मन ज्ञाता शिलगल ने इन ग्रंथों का विषयवार वर्गीकरण किया। इस वर्गीकृत अध्ययन से ज्ञात हुआ कि ये ग्रंथ केवल एक विषय, एक धर्म या अध्यात्म मात्र पर केंद्रित नहीं हैं, बल्कि इस वर्गीकरण से ग्रंथों के प्रकार और उनमें अंतर्निहित दर्शन सामने आया। इसे तेरह वर्गों में विभाजित किया गया। वेदांगों से आगे पुराण, इतिहास, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र और काव्यशास्त्र लिखे गए। उपनिषदों के माध्यम से अध्यात्म, खगोल शास्त्र और नैतिकता के दर्शन की स्थापना हुई। इसी क्रम में जैन और बौद्ध दर्शन से लेकर, चार्वाक दर्शन तक सामने आए। इनमें प्रकृति से लेकर मानव वृत्तियों के उल्लेखों के मनोवैज्ञानिक दृष्टांत हैं, पर आडंबरों पर प्रहार है।

वर्ष 1981 में भारत की प्राचीनतम बख्शाली पांडुलिपि को प्राचीनतम गणित की पांडुलिपि माना गया है। यह पांडुलिपि खैबर पख्तूनख्वा, पेशावर के एक किसान को मिली थी। भोजपत्रों पर यह संस्कृत में लिखी गई है। इसके केवल सत्तर पृष्ठ मिले हैं, शेष नष्ट हो गए हैं। इसे नौवीं शताब्दी का लिखा माना जाता है। पर जब इसकी लिखावट की आक्सफर्ड विश्वविद्यालय और बोडालियन पुस्तकालय के शोधकर्ताओं ने रेडियो कार्बन डेटिंग से जांच की, तो इसे तीसरी-चौथी शताब्दी का होना पाया गया। इससे यह निष्कर्ष भी निकाला गया कि ग्वालियर स्थित मंदिर की दीवार पर उत्कीर्ण शून्य का शिलालेख नौवीं शताब्दी का है, उससे भी पहले की यह पांडुलिपि है। इसमें एक ऐसे बिंदु का उल्लेख है, जो 'शून्य' का प्रतिनिधित्व करने वाला अब तक का सबसे प्राचीन प्रतीक है।

आक्सफर्ड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक मार्कस डू सौताय ने प्रतिपादित किया है कि आज हम जिस शून्य का प्रयोग करते हैं, वह प्राचीन भारत में प्रयोग में लाए गए 'बिंदु' से ही विकसित हुआ है। इस पांडुलिपि का आरंभिक लेखन शारदा लिपि में है। यह लिपि आठवीं से बारहवीं शताब्दी तक दक्षिण एशिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों और कश्मीर के भूखंडों में प्रचलित थी। शारदा लिपि संस्कृत के निकट मानी जाती है। ऋग्वेद में इन लिपियों के प्रारंभिक विकास पणिय और मग समुदाय के लोगों के द्वारा किए जाने के उल्लेख हैं। इस पांडुलिपि में गणितीय नियमों, उनमें आने वाली समस्याओं के हल उदाहरणों सहित उपलब्ध हैं। अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित भी इसमें मिलते हैं। वर्गमूल, घनमूल स्वर्ण की गणना के साथ आय, व्यय, ब्याज और सरल समीकरणों का उल्लेख भी इस पांडुलिपि में है। बख्शाली पांडुलिपि में लिखे जाने से बहुत पहले से ही भारतीय मनीषियों ने इन गणितीय वैदिक ज्ञान के सूत्रों को श्रुति परंपरा से मौखिक रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी स्मृति में ग्रहण करा दिया था। यही कालांतर में लिखित और मुद्रित रूपों में हमारे समक्ष हैं।

दुनिया ने मान लिया है कि ऋग्वेद के सूक्त और मंत्र सबसे प्राचीन मौखिक और भोजपत्रों पर लिखित आख्यान हैं। 'भृगुसंहिता' भी एक प्राचीन पांडुलिपि है, जिसकी मूल प्रति होशियारपुर में आज भी सुरक्षित है। इसमें ग्रह नक्षत्रों के आधार पर व्यक्ति का भूत और भविष्य बांचने का दावा किया जाता है। रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में ऋग्वेद की ऋचाओं को विभिन्न विद्वानों के मतानुसार दो हजार से पचहत्तर हजार वर्ष तक प्राचीन माना है। इनमें सबसे उत्साहजनक दृष्टिकोण अविनाश दत्त का है। वे ऋग्वेद को पचास से पचहत्तर हजार वर्ष पुराना मानते हैं। बहरहाल, प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण जरूरी है ही, इनका अध्ययन भी जरूरी है।

प्रदर्शन से परे प्रेरणा

जय प्रकाश पांडेय

कभी-कभी जीवन एक ऐसे बिंदु पर आ खड़ा होता है जहां शब्द मौन हो जाते हैं, रास्ते धुंधले और मन किसी अनकहे उत्तर की तलाश में भटकता है। ऐसे ही क्षणों में भीतर कहीं कोई हल्की-सी रोशनी जलती है, कोई विचार, कोई बेचैनी, कोई चुप्पी, जो धीरे-धीरे हमें आगे बढ़ने के लिए कहती है। उसी मौन रोशनी का नाम है प्रेरणा। यह केवल कोई मनोवैज्ञानिक उत्तेजना नहीं है। यह दरअसल वैसी जीवन-चेतना है, जो व्यक्ति को शून्यता से सृजन की ओर, संशय से संकल्प की ओर और निष्क्रियता से नवाचार की ओर ले जाती है। यह कोई ऊंचा आदर्श नहीं, बल्कि भीतर से उठती एक चिंगारी है, जो तमाम अंधेरों के बावजूद जलती रहती है।

प्रश्न यह है कि यह प्रेरणा आती कहां से है? क्या वह बाहर से किसी प्रेरक वक्तव्य, किसी आदर्श चरित्र या किसी सामाजिक प्रशंसा के रूप में आती है? या वह भीतर जन्म लेती है- एक मौन ज्योति के रूप में, जो संकल्प और संयम के अंधकार में भी प्रकाशित रहती है? आज के समय में जब हर ओर प्रतिस्पर्धा, प्रदर्शन और मान्यता की होड़ मची है, तो प्रेरणा को भी बाहरी मानकों से जोड़ दिया गया है। आज प्रेरणा भी एक 'दृश्य उत्पाद' बन गई है। लोग केवल उतना ही करते हैं, जितना उन्हें दिखाई दे। उतना ही बोलते हैं, जितना उन्हें सराहा जाए। नतीजतन, प्रेरणा का स्रोत धीरे-धीरे बाह्य बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर समर्थकों, पसंदगी का चटका, पुरस्कार और प्रचार इसकी नई इकाइयां हैं। पर यह प्रेरणा नहीं, अपेक्षा है और अपेक्षा से उत्पन्न कर्म आमतौर पर अस्थायी होता है। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।' यह श्लोक उस गहन सिद्धांत को प्रकट करता है, जहां प्रेरणा किसी फल की प्राप्ति से नहीं, बल्कि खुद कर्म की पवित्रता से जन्म लेती है। यह प्रेरणा भीतर से उठती है, जहां कोई दर्शक नहीं, कोई तालियां नहीं, फिर भी व्यक्ति अपने कार्य में रत रहता है, क्योंकि वह जानता है कि यही उसका धर्म है। यही भीतर से उपजी प्रेरणा है, जो फल की अपेक्षा किए बिना भी कर्मरत रहती है।

भीतरी प्रेरणा आत्मबोध से जन्म लेती है, एक ऐसी स्थिति, जहां व्यक्ति न केवल यह जानता है कि वह क्या कर रहा है, बल्कि यह भी कि क्यों कर रहा है। यह प्रेरणा आत्मा की वह अग्नि है, जो बाहरी हवा से नहीं, भीतर की चिंगारी से जलती है। यह लौ वह शक्ति है, जो न देखे जाने पर भी जलती रहती है। इसी भीतर से उठती प्रेरणा ने बुद्ध को ज्ञान की ओर, विवेकानंद को समाजोत्थान की ओर और कल्पना चावला को अंतरिक्ष की ओर बढ़ने का संबल दिया। यही वह मौन शक्ति है, जो गांधी को सत्याग्रह की राह पर ले जाती है, अब्दुल कलाम को प्रयोगशालाओं में रातें गुजारने की शक्ति देती है और एक मां को थकावट की हर सीमा लांघने की हिम्मत देती है। भीतर से उपजी प्रेरणा निरंतर बहती है। वह किसी मान्यता की मोहताज नहीं होती। वह तब भी जीवित रहती है जब कोई देखने वाला नहीं होता, और तब भी गतिशील रहती है जब संसार मौन हो। भीतर से उपजी प्रेरणा हमें दूसरों की नकल नहीं करने देती, बल्कि हमारे अपने मौलिक स्वरूप को उजागर करती है। यह प्रेरणा हमें प्रतिस्पर्धा से परे, सृजन की ओर ले जाती है। इसलिए प्रेरणा का स्रोत तय करता है कि हमारा जीवन दिशा में बहेगा या दिशा-भ्रम में उलझेगा। हमने इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण देखे हैं, जहां व्यक्ति ने विपरीत परिस्थितियों में भी अद्भुत कार्य कर दिखाए, क्योंकि उनकी प्रेरणा बाह्य नहीं थी।

हालांकि बाहरी प्रेरणा की भूमिका को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। वह दिशा देती है, कभी-कभी गति भी। मगर यह प्रेरणा अक्सर क्षणिक होती है। जैसे ही वाहवाही का शोर थमता है, वह ऊर्जा भी धीमी पड़ने लगती है। बाहरी प्रेरणा तब तक प्रभावी है, जब तक उसका स्रोत हमारे सामने जीवित है। जैसे ही वह स्रोत छूटता है, चाहे वह पुरस्कार हो, प्रशंसा हो या लोकप्रियता- हमारा उत्साह भी मुरझाने लगता है। तब कर्म कोई रचनात्मक यात्रा नहीं रह जाता, बल्कि एक गणना बन जाता है- एक सौदेबाजी, जहां कर्म फल के लिए होती है, न कि कर्म के लिए। और जब संपूर्ण प्रेरणा बाहर से आने लगे, तो व्यक्ति एक तरह से 'दृश्य उपलब्धियों' का बंदी बन जाता है। वह जो करता है, वह इसलिए नहीं करता कि वह ठीक है, बल्कि इसलिए कि वह प्रशंसनीय दिखे। धीरे-धीरे वह स्वयं से कटने लगता है। उसकी दिशा समाज तय करता है, संकल्प नहीं।

बाहरी प्रेरणा रास्ता दिखा सकती है, लेकिन चलने की ताकत भीतर से ही आती है। फिर जब प्रेरणा भीतर से उठती है, तब व्यक्ति थमता नहीं, भले ही कोई देख रहा हो या नहीं। वह काम करता है, क्योंकि वही उसका धर्म है। वही उसका उत्तर है, अपने आपसे। आखिर प्रश्न यह नहीं कि प्रेरणा कहां से आती है- बाहर से या भीतर से, बल्कि यह है कि हम किस प्रेरणा को अपनी जीवन-दिशा बनने देते हैं। जो प्रेरणा केवल दिखावे से संचालित हो, तो वह कब तक टिकेगी? और जो प्रेरणा आत्मा की भाषा में बोले, वह कैसे चुप रह सकती है?

दुनिया मेरे आगे

> जब हर ओर प्रतिस्पर्धा, प्रदर्शन और मान्यता की होड़ मची है, तो प्रेरणा को भी बाहरी मानकों से जोड़ दिया गया है। आज प्रेरणा भी एक 'दृश्य उत्पाद' बन गई है। लोग केवल उतना ही करते हैं, जितना उन्हें दिखाई दे। उतना ही बोलते हैं, जितना उन्हें सराहा जाए। नतीजतन, प्रेरणा का स्रोत धीरे-धीरे बाह्य बनता जा रहा है।

प्रतिबंधित दवाएं

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने 35 दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। हालांकि, इन प्रतिबंधों के बावजूद ऐसी दवाएं खुले बाजार में लंबे समय तक उपलब्ध रहतीं और खुलेआम बिकती हैं। इन दवाओं में हानिकारक रसायन, गलत खुराक या अनावश्यक संयोजन हो सकता है, जो दुष्प्रभाव, एलर्जी या यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकते हैं। उपभोक्ता ऐसी दवाओं पर पैसा खर्च करते हैं जो अप्रभावी या हानिकारक हैं, जिससे उनका आर्थिक नुकसान होता है। इसके अलावा, इन दवाओं के दुष्प्रभावों के इलाज पर अतिरिक्त चिकित्सा खर्च बढ़ता है। जब यह चिकित्सा अप्रभावी साबित होती है, तो मरीजों को अन्य उपचारों के लिए और भी खर्च करना पड़ता है। कुछ प्रतिबंधित दवाएं बिना चिकित्सीय औचित्य के बाजार में बिकती रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि अनुचित एंटीबायोटिक उपयोग से भारत में 'मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी' और अन्य संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। यह गुणवत्ता नियंत्रण और बाजार निगरानी की विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। नियामकों को नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

- मो अजहर आलम अंसारी, पूर्णिया

संकट में बच्चे

'लापता बच्चे' (संपादकीय 17 अप्रैल) पढ़ा। इसमें बच्चों के आज के हालात पर चिंतन है। इसमे दो राय नहीं कि बच्चे मुश्किल में हैं। हमारे देश में बाल तस्करी की सबसे बड़ी वजह गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा और बेरोजगारी है। आमतौर पर गरीब परिवार आजीविका के अभाव में बच्चों को काम पर लगा देते हैं, जिससे वे तस्करों का आसान शिकार बन जाते हैं। ये तस्कर बच्चों को बेच देते हैं। प्रायः देखा गया है कि नवजात शिशु अस्पतालों से गायब किए जाते हैं। बच्चों से भीख मंगवाने वाले गिरोह ज्यादातर शहरों में सक्रिय हैं। कई बच्चे इनके चंगुल में फंस जाते हैं। इससे बालश्रम बढ़ा है तो यौन शोषण भी। बच्चे अंग तस्करी का भी शिकार बनते हैं। ऐसे में पुलिस की लापरवाही से समस्या गंभीर हुई है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और जागरूक अभिभावकों की कोशिशों से सुधार की उम्मीद है। कई मामले अदालतों में लंबित हैं, जिनकी जल्द सुनवाई जरूरी है।

- अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

आत्मनिर्भरता की जरूरत

जब निर्यात की रफ्तार धीमी हो और आयात तेज, तब व्यापार घाटा चेतावनी बन जाता है। वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़े इस खतरे की घंटी बजा रहे हैं। वित्तवर्ष 2023-24 में भारत का व्यापार घाटा 21.54 अरब डालर तक उछला, जो अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है। मार्च 2024 में निर्यात में 0.7 फीसद की मामूली बढ़त (41.97 अरब डालर) के बावजूद, आयात की बेकाबू रफ्तार (676.25 अरब डालर) ने इस प्रगति को निगल लिया। पूरे वर्ष का निर्यात 437.42 अरब डालर रहा, जबकि पेट्रोलियम, सोना, इलेक्ट्रानिक्स और कोयले जैसे आयात ने खजाने पर भारी बोझ डाला। हालांकि सेवा क्षेत्र ने उम्मीद की किरण दिखाई। 341.06 अरब डालर के निर्यात और 178.31 अरब डालर के आयात के साथ सेवा व्यापार में अधिशेष दर्ज हुआ। यह आंशिक सफलता व्यापार घाटे की खाई को भरने के लिए कम है। यह स्थिति भारत को आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से दौड़ने का आह्वान करती है।

- आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी, मप्र

लोकतंत्र की चिंता

इन दिनों मुर्शिदाबाद, मालदा, सीलमपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से जैसी खबरें आती रहती हैं। उससे चिंता होती है। लगता है कि देश भर में अभी विभाजन के वक्त जैसे अविश्वास के हालात हैं। ऐसा नहीं लगता कि हमारी लोकतांत्रिक यात्रा के तकरीबन आठ दशक पूरे होने को है। आखिर लोकतांत्रिक देश के लोगों और राजनीतिक वर्ग का व्यवहार कैसा होना चाहिए? क्या यह मंथन का विषय नहीं होना चाहिए। कहने को तो कहा जाता है कि मतदाता अब जागरूक हो गया है। मगर यह कैसी जागरूकता है कि धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर अपने से इतर हम भारतीयता नहीं देख पाते हैं। यह कैसा राष्ट्रवाद है, जहां हमें वह बातें अच्छी नहीं लगती हैं, जिससे व्यक्ति के समर्थ बनने-बनाने की बात की जाती है। कक्षाओं में लोकतंत्र का पाठ पढ़ते रहे हैं। अब हम अपने व्यवहार के विपरीत काम कर रहे हैं।

- मुकेश कुमार मनन, पटना

संकट

रामबन में भारी बारिश से भूस्खलन के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने पर पैदल जाता नवविवाहित जोड़ा।

बोल

पश्चिम बंगाल को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणियां अनुचित हैं। बांग्लादेश इस तरह के बयान दे रहा है, जबकि वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वाले अपराधी आजाद घूम रहे हैं।

- रणधीर जायसवाल, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

बोल

ईरान को एशिया के आर्थिक केंद्र वाले देशों के साथ संबंधों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना चाहिए और पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की नीति को व्यावहारिक रूप देने पर काम करना चाहिए।

- अयातुल्ला खामनेई, ईरान के सर्वोच्च नेता

सम-सामयिक

ट्रंप की नजर कनाडा के प्राकृतिक संसाधनों पर

जनसत्ता संवाद

मचियास सील द्वीप उत्तरी अमेरिका के नक्शे में एक छोटे से बिंदु की तरह दिखता है। लेकिन धुंध से घिरे इस चट्टानी द्वीप की अपनी अहमियत है। ये उस इलाके में है, जिसे 'ग्रे जोन' कहा जाता है। ये जगह अमेरिका और कनाडा के बीच एक दुर्लभ अंतरराष्ट्रीय विवाद की वजह बनी हुई है।

अमेरिका और कनाडा पड़ोसी हैं और लंबे समय से सहयोगी भी, लेकिन दोनों इस द्वीप और इसके चारों ओर घिरे पानी पर दावा करते हैं। ये इलाका ऐसी जगह है जहां अमेरिकी प्रांत मेयन और कनाडा का न्यून ब्रंसविक प्रांत मिलता है। इसके साथ ही दोनों देश इस जल क्षेत्र में मिलने वाले बेशकीमती झींगा मछलियों को पकड़ने और उन्हें बेचने पर भी अपना दावा करते हैं।

वहीं, कनाडा और अमेरिका के बीच प्राकृतिक संसाधनों पर दावेदारी की लड़ाई चल रही है। कनाडा के पास रेयर अर्थ मेटल, तेल, कोयला और लकड़ी का भंडार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नजर इन पर लंबे समय से है। हालांकि ट्रंप ने कहा है कि उन्हें कनाडा की लकड़ी, ऊर्जा भंडार और अन्य निर्मित सामान नहीं चाहिए। लेकिन ट्रूडो ने फरवरी में कनाडाई कारोबारियों और श्रमिक नेताओं से बंद कमरे की बैठक में कहा था कि ट्रंप का इरादा दूसरा है। सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन जानता है कि कनाडा के पास कितने अहम संसाधन है। वे बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि कनाडा के पास क्या है और इससे लाभ उठाने के लिए वे खुद को सक्षम बनाना चाहते हैं।

कनाडाई पत्रकार जार्डन हीथ-रालिंग्स का मानना है कि अमेरिका को कनाडाई संसाधन चाहिए और ट्रंप के कनाडा को 51वें राज्य बनाने के बयान को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। रालिंग्स कहते हैं, ट्रंप एक ऐसे व्यक्ति के रूप में पहचाने जाना पसंद करते हैं, जो अमेरिका में बहुत अधिक जमीन ले आया हों। शायद वे आर्कटिक का इलाका चाहते हैं जो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में और ज्यादा कीमती होगा। ट्रंप के जो बयान आए हैं, उससे अमेरिका और कनाडा की सीमा को लेकर भी संदेह पैदा हो गया है।

रालिंग्स ने मार्च में कहा था, अगर आप नक्शे को देखें तो पाएंगे कि उन्होंने कनाडा और अमेरिका के बीच एक कृत्रिम रेखा खींच दी है। किसी ने बहुत पहले ऐसा कर दिया था लेकिन इसका कोई मतलब नहीं। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रंप के बयानों ने कनाडाई नेताओं को परेशान कर दिया है। मार्च में ट्रूडो ने आरोप लगाया कि ट्रंप कनाडाई अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर देना चाहते हैं, ताकि उन्हें कनाडा को अमेरिका में मिलाने में आसानी हो। पिछले महीने जब ट्रंप ने कनाडा पर नए शुल्क का एलान किया तो ट्रूडो ने कहा, ट्रंप के दिमाग में कनाडा को मिलाने का ये सबसे आसान तरीका है और ये वास्तविकता है।

यह है बड़ी वजह

कनाडा और अमेरिका के बीच प्राकृतिक संसाधनों पर दावेदारी की लड़ाई चल रही है। कनाडा के पास रेयर अर्थ मेटल, तेल, कोयला और लकड़ी का भंडार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इन सब पर पिछले लंबे समय से नजर है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह पता लगाना मुश्किल है कि ट्रंप आखिर सोच क्या रहे हैं। जान बाल्टन भी ऐसा ही सोचते हैं। बाल्टन ने ट्रंप के कार्यकाल में एक साल से अधिक समय तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम किया था। वे कहते हैं कि ट्रंप के पास कोई नजरिया नहीं है। उनके पास सुझाव हैं लेकिन वो सुसंगत तरीके पर काम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल खनिजों और प्राकृतिक संसाधनों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बाल्टन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधन का दोहन करने का अच्छा तरीका ये है कि इसके लिए निजी क्षेत्र को सक्रिय किया जाए न कि अपने सहयोगी देश को मिलाने का विचार पेश किया जाए।

शोध

वायु और ध्वनि प्रदूषण से मस्तिष्काघात का खतरा

जनसत्ता संवाद

स्वीडन के करोलिंस्का संस्थान के इंस्टीट्यूट आफ एनवायर्नमेंटल मेडिसिन (आइएमएम) के शोधकर्ताओं ने पाया है कि वायु प्रदूषण और यातायात का शोर तो खतरनाक हैं ही, लेकिन इन दोनों के मेल से मस्तिष्काघात का खतरा छह फीसदी बढ़ सकता है। इस अध्ययन के नतीजे जर्नल एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि यह खतरा तब भी बना रहता है जब प्रदूषण और शोर का स्तर मानकों के भीतर रहता है।

अगर आपको लगता है कि हवा में घुला जहर आपकी सेहत बिगाड़ रहा है, तो जरा ठहरिए। एक नए शोध में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण और सड़कों पर वाहनों का शोर यानी ध्वनि प्रदूषण, दोनों मिलकर दिमाग पर दोहरा आघात करते हैं। स्वीडन के करोलिंस्का संस्थान के इंस्टीट्यूट आफ एनवायर्नमेंटल मेडिसिन (आइएमएम) के शोधकर्ताओं ने पाया है कि वायु प्रदूषण और यातायात का शोर तो खतरनाक है ही, लेकिन इन दोनों के मेल से मस्तिष्काघात का खतरा और बढ़ सकता है। इस अध्ययन के नतीजे जर्नल एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित हुए हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि यह खतरा तब भी बना रहता है, जब प्रदूषण और शोर का स्तर मानकों के भीतर रहता है। शोधकर्ताओं ने यह गणना यूरोपियन यूनियन के वायु गुणवत्ता मानकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी मानकों के आधार पर की है। अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने स्वीडन, डेनमार्क और फिनलैंड के 136,897 वयस्कों से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया है। अध्ययन के जो नतीजे सामने आए हैं, उनसे पता चला है कि प्रदूषण के सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 के स्तर में पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि से मस्तिष्काघात का खतरा नौ फीसद बढ़ जाता है। वहीं, यातायात के शोर में 11 डेसिबल की बढ़ोतरी से यह खतरा छह फीसद बढ़ जाता है। वहीं, यदि ये दोनों एक साथ हों तो खतरा और भी ज्यादा बढ़ सकता है।

शोध में यह भी सामने आया है कि शांत क्षेत्रों में जहां ध्वनि का स्तर 40 डेसिबल था, वहां सूक्ष्म कणों में बढ़ोतरी से मस्तिष्काघात का खतरा छह फीसदी बढ़ गया। दूसरी तरफ शोर वाले इलाकों (80 डेसिबल) में यह खतरा बढ़कर 11 फीसदी तक पहुंच गया। देखा जाए तो भले ही यह शोध यूरोपियन लोगों पर किया गया है पर इसके नतीजे भारतीय शहरों के लिए भी खतरे की घंटी की तरह हैं, क्योंकि इन शहरों में प्रदूषण के साथ-साथ यातायात का शोर भी बहुत ज्यादा होता है।

भारत में वायु प्रदूषण की समस्या किस कदर गंभीर है, इसका खुलासा कई राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय रपट में भी किया गया है। सेंटर फार साइंस एंड एनवायर्नमेंट (सीएसई) द्वारा जारी एक नए विश्लेषण से पता चला है कि इस बार सर्दियों के दौरान दिल्ली में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा, जब हवा को साफ कहा जा सके। इस दौरान दिल्ली में स्थिति किस कदर खराब थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आठ दिन वायु गुणवत्ता 'बेहद गंभीर', 12 दिन 'गंभीर' और 68 दिन 'बेहद खराब' थी। रपट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि बढ़ते प्रदूषण का असर सभी महानगरों पर पड़ रहा है, यहां तक कि कोलकाता और हैदराबाद जैसे शहर जहां भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों कहीं ज्यादा अनुकूल हैं, उन महानगरों में भी स्थिति चिंताजनक है। अंतराष्ट्रीय संगठन आईक्यू एयर ने भी अपनी रपट में पुष्टि की है कि भारत, दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पांचवें स्थान पर है, जहां वर्ष 2024 में सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रेकार्ड किया गया था। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ओर से जारी मानकों के लिहाज से देखें तो देश में वायु गुणवत्ता दस गुना खराब है। वहीं वर्ष 2023 में इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर था। भारत में स्थिति किस कदर खराब है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुनिया में सबसे खराब हवा वाले 100 स्थानों में से 74 भारत में हैं।

विश्व परिक्रमा

अमेरिका : जिनके वीजा रद्द हुए, उनमें 50% भारतीय विद्यार्थी

जनसत्ता संवाद

अमेरिकी सरकार ने हाल ही में कई विदेशी छात्रों का वीजा रद्द कर दिया है। इन विद्यार्थियों को भेजी गई ई-मेल में उनसे अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है। एक रपट के मुताबिक, इनमें से 50 फीसद भारतीय छात्र हैं। अमेरिकन इमिग्रेशन लायर्स एसोसिएशन ने ऐसे ही 327 छात्रों की जानकारी एकत्र की है। भारत के बाद दूसरा स्थान चीन का है। इस सूची में शामिल 14 फीसद छात्र चीन के हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग पिछले चार महीनों से विदेशी छात्रों के आकड़ों की जांच कर रहा है। इसके जरिए इजराइल के खिलाफ और हमास के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले विदेश छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के मुताबिक, 26 मार्च तक 300 से ज्यादा कथित हमास समर्थक छात्रों का वीजा रद्द किया जा चुका है। इनामें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार एक एप की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। इस एप की मदद से सबसे पहले पांच मार्च को तुर्किये की एक छात्रा रुमेसा ओजतुर्क की पहचान की गई थी। वह टफ्ट्स यूनिवर्सिटी, बोस्टन में पढ़ाई कर रही थी। कहा जा रहा है कि उसने सोशल मीडिया पर फिलिस्तीन के समर्थन में पोस्ट किया था, जिसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसका वीजा रद्द कर दिया। अमेरिकी प्रशासन की ओर से वीजा रद्द करने का ई-मेल कई विश्विद्यालयों के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हावर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं।

हालांकि कितने विश्विद्यालयो के कितने छात्रों को यह ई-मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। छात्रों से कहा गया कि उनका वीजा रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुमार्ना लगाया जा सकता है और उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या फिर उन्हें प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

जानें-समझें

बिगड़ते रिश्ते

भारत-बांग्लादेश के संबंधों में कैसे होगा सुधार

जनसत्ता संवाद

पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए एक विद्रोह के बाद बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा। शेख हसीना का लगातार 15 साल से चला आ रहा शासन खत्म होने के साथ ही बांग्लादेश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। बांग्लादेश छोड़ने के बाद शेख हसीना ने भारत में शरण ली और वे तब से भारत में ही हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते काफी मजबूत दिखते थे, जिनमें पिछले कुछ महीनों में लगातार गिरावट आती दिखाई दी है। पड़ोसी देश के साथ बिगड़ते रिश्ते क्या आने वाले समय में भारत के लिए एक नई चुनौती बन जाएंगे? इस पर विशेषज्ञों ने कहा कि जब आपके पास एक ऐसा साझेदार हो, जिसे आपने इतने लंबे समय तक पोषित किया हो तो यह निश्चित रूप से भारत के लिए एक चुनौती है। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंध बहुत आगे की ओर बढ़ रहे थे, चाहे वह संपर्क हो, व्यापार हो, रणनीतिक संबंध हों या सीमा मुद्दे हों। ये सभी मुद्दे भले ही हल न हुए हों, लेकिन एक ऐसी जगह पर थे, जहां वे संबंधों की दिशा को नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं कर रहे थे, लेकिन आज अचानक सब कुछ एक समस्या जैसा लग रहा है।

वक्त बांग्लादेश के लिए भी अनुकूल नहीं

नई दिल्ली स्थित आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्ययन और विदेश नीति विभाग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर हर्ष वी पंत के मुताबिक, अभी का वक्त बांग्लादेश के लिए भी अनुकूल नहीं है। वे कहते हैं कि अगर आज के बांग्लादेश को देखा जाए और कुछ महीने पहले के बांग्लादेश से उसकी तुलना की जाए जब शेख हसीना प्रधानमंत्री थीं, तो दिखेगा कि हसीना ने बांग्लादेश को एक निश्चित स्थिरता और आर्थिक जीवंतता दी थी। उन्होंने कहा, कुछ ही महीनों में यह दिख रहा है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कहां से कहां चली गई। बांग्लादेश का सामाजिक और राजनीतिक संतुलन अस्थिर है। बांग्लादेश में चरमपंथियों का उदय एक वास्तविकता है। इसलिए आप एक ऐसे बांग्लादेश को देख रहे हैं जो एक सफल कहानी से वापस उस सभी नकारात्मकता की ओर जा रहा है, जो दीर्घकालिक समस्याएं पैदा करेगी। भारत एक बड़ा देश है, यह कुछ तरह की लागतों को सह सकता है, लेकिन एक धर्मनिरपेक्ष, उदारवादी इस्लामी देश के रूप में बांग्लादेश का भविष्य कैसा रहेगा यह वर्तमान परिदृश्य में एक अहम सवाल है।

(फाइल फोटो)

जब आपके पास एक ऐसा साझेदार हो, जिसे आपने इतने लंबे समय तक पोषित किया हो तो यह निश्चित रूप से भारत के लिए एक चुनौती है। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंध बहुत आगे की ओर बढ़ रहे थे, चाहे वह व्यापार हो, रणनीतिक संबंध हों या सीमा मुद्दे हों। लेकिन आज अचानक सब एक समस्या लग रहा है। *- प्रोफेसर हर्ष वी पंत, नई दिल्ली स्थित आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्ययन और विदेश नीति विभाग के उपाध्यक्ष*

दोनों देशों के संबंध बिगड़े हैं। मुझे नहीं लगता कि इस वक्त भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध हैं। यह बांग्लादेश की सरकार नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था है, जिसने बिना किसी वैधता के असंवैधानिक रूप से खुद को सत्ता पर काबिज किया है। भारत निश्चित रूप से जरूरत के मुताबिक स्थिति से निपट रहा है। *- वीना सीकरी, बांग्लादेश में भारत की पूर्व राजनयिक*

दोनों देशों के रिश्ते कमजोर हुए

प्रोफेसर हर्ष पंत का मानना है कि दोनों देशों के रिश्ते कमजोर हुए हैं। बांग्लादेश में नए प्रशासन ने जिस तरह से भारत के साथ अपने संबंधों को संभाला है, उससे निश्चित रूप से संबंधों में बहुत नकारात्मकता आई है। उन्होंने कहा, हम आने वाले वक्त में कोई नाटकीय बदलाव देखेंगे। प्रोफेसर पंत के मुताबिक, चूंकि भारत के शेख हसीना से संबंध बहुत अच्छे थे, इसलिए उनके हटने के बाद संबंधों में एक नया संतुलन तो आना ही था।

भारत स्थिति से निपट रहा

बांग्लादेश में भारत की पूर्व राजनयिक रही वीना सीकरी भी इस बात से इत्तेफाक रखती हैं कि दोनों देशों के संबंध बिगड़े हैं। वीना कहती हैं, मुझे नहीं लगता कि इस वक्त अच्छे संबंध हैं। यह बांग्लादेश की सरकार नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था है, जिसने बिना किसी वैधता के असंवैधानिक रूप से खुद को सत्ता पर काबिज किया है। भारत निश्चित रूप से जरूरत के मुताबिक स्थिति से निपट रहा है। वे कहती हैं, हाल ही में बैंकाक में मोहम्मद यूनुस के साथ हुई बैठकों के दौरान मुझे लगता है कि सीमाएं स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई थीं। भारत के विदेश सचिव पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश गए थे। अगर उन सीमाओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है, तो यह एक अलग मामला है। फिर भारत को देखना होगा कि और क्या करना है।

हालिया फैसलों से बढ़ीं तल्खियां

हाल ही में बांग्लादेश ने भारत से बंदरगाह के माध्यम से यार्न (ऊन या कपास के धागों) के आयात को निलंबित कर दिया है। वहीं, जब से बांग्लादेश में नई सरकार ने शपथ ली है,तब से यहां बांग्लादेशी हिंदुओं पर हमले बढ़ गए हैं।

बांग्लादेश ने चीन की तरफ बढ़ाया दोस्ती का हाथ

हाल ही में बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस चीन गए थे और वहां एक ऐसा बयान दिया, जिससे विवाद पैदा हो गया। यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर के सातों राज्यों को लैंडलाक्ड (जमीन से चारों ओर से घिरा) क्षेत्र बताया और चीन से बांग्लादेश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने की अपील की। बैंकाक में प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच बातचीत के बाद भारत सरकार ने कहा था कि मोदी ने यूनुस से कहा कि माहौल को खराब करने वाली बयानबाजी से सभी को बचना चाहिए।

व्यक्तित्व

प्रियांश आर्य : धैर्य, लगन और कड़ी मेहनत से मिली सफलता

जनसत्ता संवाद

आइपीएल में महज 39 गेंदों पर शतक लगाने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य इन दिनों सुर्खियों में हैं। आठ अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी ने यह साबित कर दिया कि मेहनत करने वालों की हार नहीं होती। आइपीएल के इतिहास में यह सबसे तेज चौथा शतक है। प्रियांश ने कुल 42 गेंदों पर 103 रन बनाए. इसमें 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। वहीं उनका स्ट्राइक रेट भी 245.33 का रहा। यह महज एक इत्तेफाक नहीं है। इसके पीछे एक ऐसी कहानी है, जो युवाओं को प्रेरित करती है। इस सबके पीछे जंगल में जाकर प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत है।

परिजनों के मुताबिक, प्रियांश ने क्रिकेट के लिए सब कुछ छोड़ दिया। वह दिल्ली से दूर भोपाल में रातापानी टाइगर रिजर्व के जंगलों में घंटों प्रशिक्षण करते थे। दरअसल, क्रिकेट कोच संजय भारद्वाज ने जंगल में एक क्रिकेट एकेडमी बना रखी है, जहां वह खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते है। प्रियांश ने भी इसी एकेडमी से कट और पुल शाट पर जमकर काम किया। द्रोणाचार्य अवार्डी संजय भारद्वाज वही क्रिकेट कोच हैं, जिनके निर्देशन में भारत को कई क्रिकेटर मिले हैं। इनमें गौतम गंभीर, जोगिंदर सिंह, उन्मुक्त चंद, अमित मिश्रा, नीतीश राणा शामिल हैं। संजय भारद्वाज ने कहा कि यहां लाल मिट्टी और काली मिट्टी दोनों तरह की पिच बनाई गई हैं, ताकि हर मौके के लिए खिलाड़ी तैयार रह सके। प्रियांश लगातार 12 घंटे तक रोज पिच पर कड़ी मेहनत करते थे। उसे दिन में सिर्फ एक घंटे के लिए फोन दिया जाता था। वे आइपीएल से पहले करीब एक महीना यहां रहे।

छह गेंदों में छह छक्के लगाकर चर्चा में आए : 31 अगस्त 2024 को दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज की ओर से खेलते हुए प्रियांश आर्य ने नार्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ एक ही ओवर में छह छक्के लगाकर इतिहास रचा था। उन्होंने 12वें ओवर में स्पिनर मनन भारद्वाज की सभी छह गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। इस पारी के बाद से वे क्रिकेट जगत में एक उभरते हुए सितारा बन गए।

10 साल की उम्र में शुरू की कोचिंग : दस साल की उम्र से ही प्रियांश ने क्रिकेट को अपना करिअर बना लिया। प्रियांश मूलतः हरियाणा के फतेहाबाद में भूना गांव के रहने वाले हैं। उनके माता-पिता दोनों ही दिल्ली में सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। माता-पिता को बेटे की सफलता पर गर्व है। उनका कहना है कि वह दिन दूर नहीं, जब उनका बेटा देश के लिए खेलेगा और खूब नाम कमाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा दिवस समारोह में कहा

एक हजार साल की नीतियां बना रही सरकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती। मौजूदा केंद्र सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगी। उन्होंने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है। अब ऐसा माहौल बना रहा है, जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है व उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है।

प्रधानमंत्री ने यहां विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोक सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। उन्होंने कहा, आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोक सेवा को प्रासंगिक बने रहने के लिए समकालीन चुनौतियों के अनुकूल बनना होगा। अब तक की उपलब्धियों को कई गुना बढ़ाया जाना चाहिए व प्रगति के लिए उच्च मानक स्थापित किए जाने चाहिए।

जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सामूहिक प्रयास एवं दृढ़ संकल्प की जरूरत है और इसमें सभी को अपना अहम योगदान देना होगा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर हो रहे त्वरित बदलावों का उल्लेख करते हुए हर दो से तीन साल में प्रौद्योगिकी के तेजी से बदल जाने को रेखांकित किया और इस बात का जिक्र किया कि बच्चे इन परिवर्तनों के बीच कैसे बड़े हो रहे हैं।

मोदी ने कहा, आने वाले वर्षों के लिए ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, खेलों के क्षेत्र में प्रगति और अंतरिक्ष अन्वेषण में उपलब्धियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में देश के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों को रेखांकित किया।

उन्होंने हर क्षेत्र में भारत का परचम लहराने के महत्त्व पर बल दिया। साथ कहा कि इस वर्ष सिविल सेवा दिवस का विषय 'भारत का समग्र विकास' है, जो देश के लोगों के प्रति एक प्रतिबद्धता एवं वादा है।

'नागरिक देवो भव' का सिद्धांत अपनाएं लोकसेवक

प्रधानमंत्री लोक सेवकों से कहा कि सुशासन के लिए उन्हें 'नागरिक देवो भव' के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। ताकि, समावेशी विकास के लिए अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंच सके। साथ ही कहा कि लोक सेवकों को स्वयं को केवल प्रशासक के रूप में ही नहीं देखना है, बल्कि विकसित भारत के शिल्पकार के रूप में खुद को तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने यहां 17वें सिविल सेवा दिवस समारोह में कहा, भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है, इसलिए बुनियादी सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पिछले 10-11 साल की देश की जो सफलताएं रही हैं, उन्होंने विकसित भारत की नींव को बहुत मजबूत किया है। आज देश इस मजबूत नींव पर विकसित भारत की भव्य इमारत का निर्माण कर रहा है।

एक राष्ट्र-एक चुनाव संबंधित संसदीय समिति की बैठक आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

एक राष्ट्र - एक चुनाव पर बनी संसदीय समिति की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को होगी। इस समिति के सभापति सांसद पीपी चौधरी हैं। समिति के पहले सत्र में समिति की न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, उच्च न्यायलय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन झा, सर्वोच्च न्यायलय के पूर्व न्यायाधीश व न्यायमूर्ति बीएस चौहान से बैठक करेगी।

संसदीय समिति की यह बैठक तीन चरण में होगी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

इसके बाद तीसरी बैठक राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के साथ शाम को बैठक होगी। समिति के सदस्य सही समय पर उपलब्ध रहे। इसके लिए लोकसभा की ओर से एक नोटिस भी जारी किया गया है। यह नोटिस सभी सदस्यों को भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि समिति में संविधान (139 संशोधन) विधेयक 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के लिए बैठक होगी। इससे पूर्व जेपीसी की आखिरी बेठक 25 मार्च को हुई थी और यह करीब पांच घंटे तक चली थी, इस बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा था कि एक राष्ट्र और एक चुनाव देश के सर्वोत्तम हित में है। समिति चाहती है कि इस नए कानून पर सभी पक्षों से राय सामने आए। इसके लिए एक वेबसाइट लाने की भी तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह वेबसाइट क्यूआर कोड आधारित होगी।

इस विधेयक से संबंधित प्रावधान और कामकाज के बारे में आम जनता को पता रहे। इसके लिए भी समिति ने प्रचार के लिए सभी भाषाओं का प्रयोग करने का पहले निर्णय लिया था। समिति पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि विभिन्न माध्यमों से आने वाले सुझावों को एकत्र किया जाएगा और संसद में उनकी समीक्षा की जाएगी। एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया गया थाा, इसके बाद एक संसदीय समिति का गइन किया गया था। इस समिति में कुल 39 सदस्य हैं।

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुरैशी का दुबे पर पलटवार, कहा

भारत के विचार पर यकीन, नफरत की सियासत पर नहीं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के 'मुसलिम आयुक्त' वाले बयान पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एसवाई कुरैशी ने सोमवार को कहा कि वह भारत के ऐसे विचार में विश्वास करते हैं, जहां व्यक्ति की पहचान उसके योगदान से होती है।

उन्होंने भाजपा सांसद दुबे के बयानों पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि 'कुछ लोगों के लिए, धार्मिक पहचान उनकी नफरत वाली राजनीति को आगे बढ़ाने का मुख्य आधार है।' भारत हमेशा अपनी संवैधानिक संस्थाओं और सिद्धांतों के लिए खड़ा रहा है, खड़ा है और खड़ा रहेगा तथा लड़ता रहेगा। कुरैशी ने कहा कि मैंने निर्वाचन आयुक्त के संवैधानिक पद पर अपनी पूरी क्षमता से काम किया है और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) में मेरा लंबा और संतोषजनक करिअर रहा। मैं भारत के ऐसे विचार में विश्वास करता हूं, जहां व्यक्ति को उसकी प्रतिभा और योगदान से परिभाषित किया जाता है, न कि उसकी धार्मिक पहचान से।

कुरैशी ने 17 अप्रैल को एक्स पर कहा था कि वक्फ अधिनियम निस्संदेह मुसलिम भूमि हड़पने की सरकार की एक भयावह योजना है। मुझे यकीन है कि उच्चतम न्यायालय इस पर सवाल उठाएगा। शरारतपूर्ण प्रचार तंत्र द्वारा फैलाई गई गलत सूचना ने अपना काम बखूबी किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दुबे ने कहा कि आप निर्वाचन आयुक्त नहीं थे।

उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि कुछ लोगों के लिए, धार्मिक पहचान उनकी नफरत वाली राजनीति को आगे बढ़ाने का मुख्य आधार है। भारत हमेशा अपनी संवैधानिक संस्थाओं और सिद्धांतों के लिए खड़ा रहा है और खड़ा रहेगा, लड़ता रहेगा। प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा करने के बाद, भाजपा सांसद दुबे ने रविवार को पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह निर्वाचन आयुक्त नहीं बल्कि 'मुसलिम आयुक्त' थे। कुरैशी ने कुछ दिन पहले ही वक्फ (संशोधन) अधिनियम की आलोचना करते हुए इसे 'मुसलमानों की भूमि हड़पने की बुरी योजना' करार दिया था।

सुरक्षा माउंट आबू में सुरक्षा बलों के लिए 'आत्म सशक्तीकरण से राष्ट्र सशक्तीकरण' अभियान शुरू करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

'स्पेडेक्स' मिशन : इसरो ने उपग्रहों की 'डाकिंग' में दूसरी बार सफलता हासिल की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

इसरो ने 'स्पेस डाकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दूसरी बार दो उपग्रहों की 'डाकिंग' सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। अंतरिक्ष में 'डाकिंग' तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट या अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है।

यह तकनीक दो या उससे अधिक अंतरिक्ष यान को एक साथ जोड़कर या कक्षा में साथ लाकर एक बड़ी संरचना बनाने तथा सामान की आपूर्ति करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। इससे भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान का संचालन करने में मदद मिलेगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इसरो स्पेडेक्स अपडेट : यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी 'डाकिंग' सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।'

इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को 'स्पेडेक्स' मिशन शुरू किया था और अंतरिक्ष में 'डाकिंग' संबंधी प्रयोग के लिए दो उपग्रह- एसडीएक्स 01 और एसडीएक्स 02 को कक्षा में स्थापित किया था। सिंह ने कहा, 'जैसा कि पहले सूचित किया गया है, पीएसएलवी-सी60/स्पेडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक शुरू किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक 'डाक' और 13 मार्च 2025 को सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक 'अनडाक' (उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया) किया गया।

अवमानना याचिका दायर करने के लिए न्यायालय की मंजूरी जरूरी नहीं : कोर्ट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक याचिकाकर्ता से कहा कि उसे शीर्ष अदालत और प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की आलोचना करने को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए पीठ की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

इस मामले का उल्लेख न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ के समक्ष किया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने दुबे की टिप्पणियों के बारे में हाल में आए एक समाचार का हवाला दिया और कहा कि वह अदालत की अनुमति से अवमानना याचिका दायर करना चाहते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आप इसे दायर करें। दायर करने के लिए आपको हमारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मामले में अटार्नी जनरल से मंजूरी लेनी होगी। दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर शीर्ष अदालत को कानून बनाना है तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश खन्ना पर भी निशाना साधा और उन्हें देश में 'गृह युद्धों' के लिए जिम्मेदार ठहराया।

दुबे की टिप्पणी केंद्र द्वारा अदालत को दिए गए इस आश्वासन के बाद आई है कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों को सुनवाई की अगली तारीख तक लागू नहीं करेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार से कहा

आरोपपत्र 60 और 90 दिनों के भीतर हो दाखिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अप्रैल।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार को 60 और 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने की समय सीमा निर्धारित करने के सुझाव दिए हैं। शाह ने कहा कि समय सीमा निर्धारित होने के साथ - साथ पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी चाहिए। शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ में लागू किए गए तीन नए कानूनों की समीक्षा की। इस बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री समेत अन्य विभागों के आलाधिकारी शामिल थे।

अमित शाह ने कहा कि नए कानूनों में साक्ष्य की रिकार्डिंग से लेकर पूरे ट्रायल तक

की प्रक्रिया वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संभव है, जिससे बेवजह होले वाले खर्च में कमी लाई जा सकेगी और बचत होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर पुलिस थाने और डीएसपी स्तर के अधिकारियों को गंभीर अपराध के मामलों में नेटग्रिड के उपयोग की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सप्ताह में एक बार, राज्य के गृह मंत्री हर 15 दिन और मुख्यमंत्री महीने में एक बार राज्य में नए आपराधिक कानूनों के अमल की प्रगति की समीक्षा करें।

शाह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के छत्तीसगढ़ में पूर्ण क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम करन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों का लक्ष्य भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को बेहतर बनाना है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य को इसकी और ज्यादा जरूरत है। छत्तीसगढ़ तीन नए आपराधिक कानूनों के संपूर्ण क्रियान्वयन को एक चुनौती के रूप में लेकर इन्हे जल्द लागू कर एक आदर्श राज्य बने।

पेज 1 का बाकी

द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जोर

द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जैसा कि फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मोदी और ट्रंप की वार्ता के दौरान सहमति बनी थी। व्यापार समझौते में शुल्क और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों पर सहमति बनने की संभावना है।

भारत सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। इसमें कहा गया, 'उन्होंने दोनों देशों के लोगों के कल्याण पर केंद्रित पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया। इसी प्रकार, उन्होंने ऊर्जा, रक्षा, सामरिक प्रौद्योगिकियों और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में जारी प्रयासों पर भी ध्यान दिया।' यह पहली बार है कि दोनों पक्षों ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए वार्ता में 'महत्त्वपूर्ण प्रगति' हुई है, जिसके इस साल के अंत तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

भारतीय वार्ताकारों का एक प्रतिनिधिमंडल बीटीए पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए बुधवार को अमेरिका की यात्रा पर जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने फरवरी में वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी सार्थक चर्चा को याद किया, जिसमें भारत और अमेरिका के बीच घनिष्ठ सहयोग के लिए रोडमैप तैयार किया गया था। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया तथा आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। इस वर्ष के अंत में ट्रंप के क्वाड समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने की संभावना है। विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव (द्वितीय) शक्तिकांत दास वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। वार्ता का जोर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के साथ-साथ रक्षा और ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने पर था।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनका परिवार सप्ताहांत में इटली की अपनी यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचा। वेंस 12 वर्षों में भारत आने वाले पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं। इससे पहले 2013 में जो बाइडेन ने नई दिल्ली का दौरा किया था। तब बराक ओबामा राष्ट्रपति थे।

हमारी आलोचना हो रही है कि हम संसदीय व कार्यपालिका के काम में दखल दे रहे हैं

लिए एक इंटरलोक्यूटरी आवेदन दायर किया है। 'इंटरलोक्यूटरी' आवेदन एक औपचारिक कानूनी अनुरोध होता है जो अंतरिम आदेश या निर्देश प्राप्त करने के लिए न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दायर किया जाता है। जैन ने कहा कि अर्धसैनिक बल की तैनाती और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 355 का हवाला दिया, जो बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्यों की रक्षा करने के संघ के कर्तव्य से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत इस बारे में रिपोर्ट मांग सकती है कि राज्य में क्या हो रहा है। शीर्ष अदालत ने 2021 की याचिका पर पहले नोटिस जारी किया था। जब मामले पर सुनवाई होगी तो मैं बताऊंगा कि हिंसा कैसे हुई। एक नई याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि 2022 से अप्रैल 2025 तक हिंसा, मानवाधिकार उल्लंघनों और महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं, खासतौर पर मुर्शिदाबाद में हालिया हिंसा की घटनाओं के मामले में जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जाए।

आवेदन में केंद्र को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि पश्चिम बंगाल को अनुच्छेद 355 के तहत आवश्यक निर्देश जारी करने पर विचार किया जाए।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले सप्ताह न्यायपालिका के खिलाफ निंदात्मक टिप्पणियां की थीं। धनखड़ ने राष्ट्रपति के फैसला करने की समयसीमा तय करने और 'सुपर संसद' के रूप में काम को लेकर न्यायपालिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

इसके कुछ समय बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2021 में जनहित याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस याचिका में केंद्र को राज्य में सशस्त्र/अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने याचिका पर केंद्र, पश्चिम बंगाल और निर्वाचन आयोग को नोटिस भी जारी किया था। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में वक्फ कानून से जुड़ी हिंसा की हालियां घटनाएं 14 अप्रैल को हुईं जबकि पुलिस ने दावा किया था कि पिछले दंगों के केंद्र मुर्शिदाबाद में कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में 11 और 12 अप्रैल को हुई सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम तीन लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे।

भारत की चुनाव प्रणाली में कुछ गड़बड़ है

मतलब है कि मतदाताओं की कतारें देर रात 2 बजे तक लगी रही होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब हमने उनसे वीडियोग्राफी के लिए कहा, तो उन्होंने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि अब हमें वीडियोग्राफी के लिए कहने की अनुमति न मिले। यह हमारे लिए बिल्कुल स्पष्ट है कि निर्वाचन आयोग की (सरकार से) मिलीभगत है और यह भी स्पष्ट है कि प्रणाली में कुछ गड़बड़ है। मैं कई बार यह बात कह चुका हूं।

राहुल की टिप्पणी पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने नई दिल्ली में कहा कि आप प्रवर्तन निदेशालय (की 'नैशनल हेरल्ड' मामले में कार्रवाई) की वजह से निर्वाचन आयोग पर भड़ास निकाल रहे हैं। ऐसा करने से कुछ हासिल नहीं होगा।

उन्होंने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईडी आपको नहीं छोड़ेगी क्योंकि एजंसियां तथ्यों के आधार पर काम करती हैं। आपको नहीं छोड़ा जाएगा। आप और आपकी मां को अपराध के जरिए अर्जित आय के साथ पकड़ा जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली ढेर

राइफल, एक 'सेल्फ लोडिंग राइफल' (एसएलआर), आठ देसी बंदूक एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि विवेक पर एक करोड़ रुपए, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपए और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। हिंसा के विभिन्न मामलों में उनके खिलाफ मामले दर्ज थे। केंद्रीय समिति माओवादी संगठन की निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। इस मुठभेड़ में किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा कि इस मुठभेड़ के साथ ही उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में माओवादी दस्तों का सफाया हो गया है। पूरे राज्य से माओवादियों का लगभग सफाया हो चुका है। वे केवल चाईबासा क्षेत्र में बचे हैं। हम सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और झारखंड सशस्त्र पुलिस सहित अपने सभी बलों को सारंडा क्षेत्र में स्थानांतरित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अगले 15 से 20 दिन में या निश्चित रूप से बरसात के मौसम से पहले क्षेत्र के सभी माओवादी दस्तों को खत्म करना है। हम चाईबासा के माओवादियों से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की अपील करते हैं। आत्मसमर्पण को लेकर उनके लिए एक अच्छी नीति है। कोबरा सीआरपीएफ की विशेष इकाई है जो जंगलों में युद्ध संबंधी रणनीति में दक्षता के लिए जानी जाती है। यह अभियान मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने की केंद्र सरकार की घोषणा के तहत चलाया गया।

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नयी दिल्ली में नार्थ ब्लाक स्थित उनके कार्यालय में संभवतः मुलाकात करेंगे तथा इस दौरान राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों और संबंधित विषयों की व्यापक समीक्षा किए जाने की संभावना है। इस साल, छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में 140 से अधिक माओवादी मारे गए हैं।

'दस से 12 वर्षों तक सालाना 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी'

के 'स्कूल आफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में भारतीय आर्थिक नीतियों पर आयोजित शिखर सम्मेलन में कहा कि हमारा दृष्टिकोण 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के आकार के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 वर्षों तक बाहरी वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 के बाद पिछले 30 वर्षों में रहा होगा।

मगर, इस संदर्भ में यह तो तय है कि आप एक सीमा से आगे अपना बाह्य वातावरण नहीं चुन सकते, हमें कम से कम अगले 10 से 12 वर्षों तक प्रति वर्ष 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी और जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा बढ़ाना होगा। साथ ही इस बात पर भी गौर करना होगा कि पड़ोसी देश चीन ने विनिर्माण में, खासकर कोविड महामारी के बाद जबरदस्त प्रभुत्व हासिल कर लिया है। नागेश्वरन ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआइ), प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका सामना आज के कुछ विकसित देशों को अपनी आर्थिक वृद्धि यात्रा में नहीं करना पड़ रहा है। मगर, भारत को अपने आकार के हिसाब से इस जटिल चुनौती से निपटना होगा। शुरुआती स्तर की नौकरियों को खत्म करने में कृत्रिम मेधा की बड़ी भूमिका हो सकती है, या कम आइटी-सक्षम सेवाओं वाली नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आबादी को कृत्रिम मेधा के प्रभुत्व वाली दुनिया के लिए तैयार करना एक बात है, लेकिन यह सुनिश्चित करना दूसरी बात है कि हम श्रम-केंद्रित नीतियों और प्रौद्योगिकी के बीच सही संतुलन पा सकें। क्योंकि, आखिरकार प्रौद्योगिकी केवल विशेषज्ञों द्वारा चुने जाने वाला विकल्प नहीं है। इसे सार्वजनिक नीति निर्माताओं द्वारा बनाया जाना चाहिए। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि जो देश विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी ताकत बन गए, वे व्यवहार्य लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के बिना ऐसा नहीं कर पाए। ऐसे में हमें या तो निवेश दरों को मौजूदा स्तर से बढ़ाना होगा या फिर यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा निवेशों से अधिकतम संभव लाभ प्राप्त कर हो सके।

प्रोफेक्टस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय का पताः बी/17, चौथी मंजिल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी मॉल के पीछे, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई, 400070

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए) सरफेसी अधिनियम के नियम 8(1) और नियमों को देखें

जबकि, निम्न हस्ताक्षरकर्ता, **प्रोफेक्टस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड** का अधिकृत अधिकारी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी–17, चौथी मंजिल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला (पश्चिम),मुंबई–400070 में है और शाखा कार्यालय 7–ई, 5वीं मंजिल, डीआरआई बिल्डिंग, स्वामी रामतीर्थ नगर, रानी झांसी रोड, झंडेवालान एक्सटेंशन, मध्य दिल्ली–110055 द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **12 फरवरी, 2025** को डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें उधारकर्ता श्रीमती बंसल **(मैसर्स इंडिया मेटल कॉर्प)** और सह–उधारकर्ता मनु बंसल को नोटिस में उल्लिखित राशि **07.02.2025** तक बकाया राशि **रु. 85,76,206/– (पचास लाख छिहत्तर हजार दो सौ छह रुपये मात्र)** को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है।

उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा **17 अप्रैल, 2025** को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार करने पर **07.02.2025** तक बकाया राशि **रु.85,76,206/– (पचास लाख छिहत्तर हजार दो सौ छह रुपये मात्र)** और उस पर ब्याज, सभी लागत और शुल्क की राशि प्रोफेक्टस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरणः

खसरा नंबर 1828/400, 22 मिन. में से, श्री राम नगर की आबादी में चंद्रावली गांव उर्फ शाहदरा , इलाका शाहदरा, नई दिल्ली 110032 में स्थित संपत्ति नं. 1/286 का वह समस्त टुकड़ा और अंश जिसका क्षेत्रफल 60 वर्ग गज यानी 50.16 वर्ग मीटर है।

हस्ता./–
स्थानः नई दिल्ली — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,
दिनांकः 17.04.2025 — प्रोफेक्टस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड

आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय– इंडियन रेयान कंपाउंड, वेरावल, गुजरात – 362266
शाखा कार्यालय – नं. एन/17, प्रथम तल, विजया भवन, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली – 110001

परिशिष्ट IV [सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का नियम 8 (1) देखें]
कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा एस13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 18–12–2024 को एक मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें नोटिस में उल्लिखित उधारकर्ताओं गीतांजलि कक्कड़, गीतांजलि कक्कड़ (स्वर्गीय प्रहलाद कुमार के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी की हैसियत में) और एन वी टेक सोलर सॉल्यूशंस से 30,87,763/– रुपये (तीस लाख सत्तासी हजार सात सौ तिरसठ रुपये मात्र) का डिमांड नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने का आह्वान किया गया था।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, 19 अप्रैल 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा रु. 30,87,763/– (रुपये तीस लाख सत्तासी हजार सात सौ तिरसठ मात्र) की राशि और उस पर ब्याज के अधीन होगा। उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

अचल संपत्ति का विवरणः

वह सारा टुकड़ा और पार्सल बिना छतध्टेरेस अधिकारों के प्रथम तल, निर्मित प्लॉट के सामने की ओर भाग की ओर जिसका नंबर डब्लुजेड–6 और – डब्लुजेड 6इ क्षेत्रफल 75 वर्ग गज, यानी 62.71 वर्ग मीटर, लगभग, खसरा नंबर 78/9/1 में से, गांव हस्तसाल के क्षेत्र में स्थित है, और कॉलोनी जिसे ओम विहार, फेज–।।।, उत्तम नगर, पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली–110059 के नाम से जाना जाता है, जिसमें लिफ्ट का सामान्य उपयोग और स्टिल्ट फ्लोर पर एक छोटी हैचबैक कार पार्किंग की जगह है, और, इस प्रकार घिरा हुआ हैः पूर्वः सड़क पश्चिमः इमारत का हिस्सा उत्तरः अन्य की संपत्ति दक्षिणः इमारत का हिस्सा।

दिनांकः 19.04..2025 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः दिल्ली — आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

बिक्री सूचना
दृष्टि इंडिया लिमिटेड (परिसमापन में)

सीआईएन : U74899DL1994PLC060496
पंजीकृत पताः सी–161, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली

दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत ई–नीलामी बिक्री सूचना

दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (संहिता), और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत आम जनता को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि मेसर्स दृष्टि इंडिया लिमिटेड (परिसमापन में) ("कॉर्पोरेट देनदार") को "भारतीय दिवालियापन और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 32 (सी) के अनुसार, ब्लॉक–ए में या कॉर्पोरेट देनदार की संपत्ति को "भारतीय दिवालियापन और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 32 (ई) के अनुसार ब्लॉक–बी में "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो कुछ भी है" और "बिना" संसाधन आधार"पर ई–नीलामी मंच के माध्यम से "गोइंग कंसर्न " के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्तियों को ष्सामूहिक रूप से परिसंपत्तियों के एक सेटष् विक्रय का प्रस्ताव किया जा रहा है। निस्तारण के लिए उक्त प्रस्ताव परिसमापक, कॉर्पोरेट देनदार या हितधारकों द्वारा किसी भी प्रकार के प्रतिनिधित्व, वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है। निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित इकाई/परिसंपत्तियों की बोली ऑनलाइन ई–नीलामी सेवा प्रदाता **BAANKNET** (पूर्व में eBKray) वेबसाइट **https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home** के माध्यम से लगाई जाएगी।

अपेक्षित प्रपत्र, शपथ पत्र, घोषणा आदि जमा करना	22.04.2025 से 21.05.2025 तक
साइट विजिट/निरीक्षण तिथि	22.04.2025 से 21.05.2025 तक
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	21.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक।
ई–नीलामी की तिथि एवं समय	ब्लॉक एः दिनांकः 23.05.2025, समयः सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
	ब्लॉक बी : दिनांकः 23.05.2025, समयः सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 तक (5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

ब्लॉक ए

भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32(सी) के अनुसार ई–नीलामी में बिक्री के लिए उपलब्ध परिसंपत्तियों का निम्नलिखित ब्लॉकः

क्र सं.	लॉट का विवरण	आरक्षित मूल्य (भारतीय रुपये में)	ईएमडी (भारतीय रुपये में)
1.	**परिसंपत्तियों का संग्रहणः** **ए :** हरियाणा के फरीदाबाद जिले के लक्कड़पुर में स्थित खेवट नंबर 289, खोती नंबर 329 वाली लगभग 10 एकड़ भूमि, जो आवंटन संख्या एमसीएफ, एसटीपी, 94, 543 दिनांक 28.10.1994 के तहत कॉर्पोरेट देनदार के नाम पर पंजीकृत है। **बी :** एक कार जगुआर एक्सएफ/3.0 जिसका पंजीकरण नंबर CH01AQ8866 है।	61,78,67,100/– **वृद्धिशील बोलीः** रु.50,50,000 (पचास लाख रुपए) या इसके गुणज।	617,86,710/–

या
ब्लॉक बी

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32(ई) के अनुसार ई–नीलामी में बिक्री के लिए उपलब्ध परिसंपत्तियों का निम्नलिखित ब्लॉक :

क्र सं.	ब्लॉक का विवरण	आरक्षित मूल्य (भारतीय रुपये में)	ईएमडी (भारतीय रुपये में)
1.	कॉर्पोरेट देनदार एक चालू चिंता के रूप में, हरियाणा के फरीदाबाद जिले के लक्कड़पुर में स्थित खेवट नंबर 289, खोती नंबर 329 वाली लगभग 10 एकड़ भूमि है, जो आवंटन संख्या एमसीएफ, एसटीपी, 94, 543 दिनांक 28.10.1994 के माध्यम से कॉर्पोरेट देनदार के नाम पर पंजीकृत है और एक कार जगुआर एक्सएफ/3.0 जिसका पंजीकरण नंबर CH01AQ8866 है। कॉर्पोरेट देनदार की पुस्तकों में प्रदर्शित अन्य सभी परिसंपत्तियाँ।	**49,42,93,680/– वृद्धिशील बोली :** रु.50,00,000 (पचास लाख रुपए)या इसके गुणज।	**4,94,29,368/-**

महत्वपूर्ण सूचना

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या–7055/2023 में दिनांक 06.11.2023 के अपने आदेश के माध्यम से माना कि "नीलामी और आगे की कार्यवाही वर्तमान अपील के परिणाम के अधीन हैं"। इसलिए, यह ई–नीलामी प्रक्रिया और परिणाम सिविल अपील संख्या–7055/2023 के निपटान के अधीन होंगे।
- कॉरपोरेट देनदार की भूमि जिसका संक्षिप्त वर्णन एस. नं. 1 (ब्लॉक ए) परिसंपत्तियाँ 1 में किया गया है, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अनंतिम रूप से कुर्क की गई है। बोलीदाताओं को इसके संदर्भ में स्वयं उचित परिश्रम करना चाहिए। इसके अलावा, लगभग 3.2 एकड़ भूमि वर्तमान में पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम,1900 के तहत वन अधिसूचना के अंतर्गत है।
- इसके अलावा,वर्तमान भूमि उपयोग के अनुसार उक्त भूमि पर केवल हाई–टेक स्टूडियो/फिल्म स्टूडियो का निर्माण किया जा सकता है।
- ब्लॉक ए और ब्लॉक बी की परिसंपत्ति संख्या (बी) में संक्षेप में वर्णित वाहन चंडीगढ़ आरटीओ के तहत पंजीकृत है, जिसकी आरसी जारी करने की तारीख 24.12.2012 है और इसे सेक्टर 50, गुरुग्राम में रखा गया है।

इच्छुक आवेदक ई–नीलामी बोली आवेदन पत्र, घोषणा और वचन, अन्य प्रपत्र, परिसंपत्तियों की बिक्री के संबंध में नियम और शर्तों के विवरण वाले पूर्ण ई–नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज का संदर्भ ले सकते हैं। ई–नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक विस्तृत दस्तावेज और सभी लागू नियम और शर्तें संभावित बोलीदाताओं द्वारा **liq.drishti@resurgentrp.com** पर ईमेल लिखकर या श्री अजीम तारिक खान से 91–7566661818 पर संपर्क करके प्राप्त की जा सकती हैं। परिसमापक किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार या रद्द करने या ई–नीलामी की किसी भी शर्त को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय बढ़ाने या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, साइट विजिट के दौरान (अपने स्वयं के खर्च पर) परिसंपत्तियों के शीर्षक और रखरखाव शुल्क, यदि कोई हो, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए और अपने स्वयं के खर्च पर परिसंपत्तियों का निरीक्षण करना चाहिए और खुद को संतुष्ट करना चाहिए। बोलीदाता भाग ए के तहत परिसंपत्तियों के किसी एक या अधिक ब्लॉकों के लिए और/या भाग बी के तहत कॉर्पोरेट देनदार के लिए एक साथ बोलियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं।

अत्यंत महत्वपूर्ण

सभी इच्छुक पक्षों को यह सूचित किया जाता है कि ब्लॉक ए और ब्लॉक बी परिसंपत्तियों की ई–नीलामी एक साथ की जाएगी (जैसा कि ऊपर बताया गया है, समयसीमा के अधीन) और परिसमापक (एससीसी की सलाह पर कार्य करते हुए), संहिता और परिसमापन विनियमों के प्रावधानों के अधीन, सफल बोलीदाता की घोषणा करने का एकमात्र और पूर्ण विवेकाधिकार होगा। विवरण के लिए कृपया ई–नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज देखें।

हस्ता./
प्रियंका चौहान
परिसमापक, दृष्टि इंडिया लिमिटेड के मामले में
रजि. क्र.: IBBI/IPA-001/IP-P-02348/2020-2021/13447
एएफए नं.–एए1/13447/02/300625/106848
एएफए वैधः 30.06.2025 तक
ईमेलः– liq.drishti@resurgentrp.com
पत्राचार के लिए परियोजना–विशिष्ट पताः
सी/ओ रिसर्जेंट रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी
905, 9वीं मंजिल, टॉवर–सी, यूनिटेक बिजनेस जोन,
सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा–122018
ईमेलः liq.drishti@resurgentrp.com
दिनांकः 22/04/2025 — मोबाइलः91 9674050101, +91 7566661818
स्थानः दिल्ली — (श्री सुनील गुप्ता और श्री अजीम तारिक खान)

Unity Small Finance Bank Limited

कॉर्पोरेट कार्यालयः सेंट्रम हाउस, विद्यानगरी मार्ग, कालाइन, सांताक्रूज (ई) मुंबई – 400 098

सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल संपत्तियों के लिए) नियम 8(1) देखें

चूंकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांकों को एक मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटरों से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों में नोटिस में उल्लिखित राशि वापस करने का आह्वान किया गया था। निम्नलिखित उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटर राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए निम्नलिखित उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **17–04–2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटर विशेष रूप से और आम जनता को इसके द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए है। उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटर का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा–13 की उप–धारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटरों के नाम और ऋण खाता संख्या	मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि
1. शंकर झा (उधारकर्ता) 2. ज्योति झा (सह–उधारकर्ता) ऋण खाता संख्याः – **CFSLDELLOAN000005001932** और **USFBDELLOAN000005012542**, प्रतीकात्मक कब्जे की तारीखः 17/04/2025	डिमांड नोटिस की तिथि : 06–01–2025 रुपये 16,76,160.31/– (रुपये सोलह लाख छिहत्तर हजार एक सौ साठ और पैसे इकतीस मात्र) 03/01/2025 तक लागू ब्याज और अन्य शुल्क सहित।

गिरवी रखी गई/सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल हाउस नंबर 362, वाका मौजा बल्लभगढ़, भगत सिंह कॉलोनी, तहसील बल्लभगढ़, हरियाणा (क्षेत्रफल 50 वर्ग गज) (जिसे आगे "उक्त संपत्ति" कहा जाएगा) सीमाओं से घिरा हुआ है (बंधक दस्तावेज के अनुसार): पूर्वः बैजनाथ का घर पश्चिमः डालचंद का घर उत्तरः रास्ता 15 फीट दक्षिणः अन्य का प्लॉट।

दिनांकः 22/04/2025. स्थानः दिल्ली एनसीआर — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी– यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

ईजी होम फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 302, तृतीय तल, सवॉय चैंबर्स, दत्तात्रेय रोड और वी.पी. रोड (एक्सटे.), सांताक्रुज पश्चिम, मुंबई– 400054,
सीआईएन : U74999MH2017PLC297819, वेबसाइट : www.easyhfc.com | ईमेल : contact@easyhomefinance.in,
टोल फ्री : 1800 22 3279 | दूरभाष : +91 22 3550 3442 | दूरभाष : +91 22 3521 0487

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं/गारंटरों द्वारा ईजी होम फाइनेंस लिमिटेड के माध्यम से लिए गए ऋणों के संबंध में, जो नीचे उल्लिखित तिथियों पर बकाया शेष राशि के साथ एनपीए बन गए हैं, हमने पहले ही वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लिखित विस्तृत डिमांड नोटिस जारी कर दिया है, जिसकी पावती आपको देय है, जो बिना वितरित किए वापस आ गई है / पावती प्राप्त नहीं हुई है। हमने 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने में आपकी विफलता के मामले में अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार आप में से किसी एक के स्वामित्व वाली प्रतिभूतियों को अपने कब्जे में लेने का इरादा व्यक्त किया है। यदि आप ऊपर बताए गए अनुसार दायित्व का निर्वहन नहीं करते हैं तो बैंक/सुरक्षित ऋणदाता सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त किसी भी अधिकार का प्रयोग कर सकता है और सरफेसी अधिनियम के तहत आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक या अन्य तरीके से कब्जे की सूचना या नीलामी नोटिस प्रकाशित करते समय बैंक/सुरक्षित ऋणदाता आपकी तस्वीर भी प्रकाशित कर सकता है। विवरण नीचे दिए गए हैं :–

क्र. सं.	शाखा/ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटरों के नाम और एनपीए की तिथि	मांग सूचना तिथि तथा बकाया राशि	प्रतिभूत परिसंपत्तियों का विवरण :
1.	दिल्ली (रोहिणी)/ HE00005412	1. महताब अहमद (आवेदक) 2. सायरा बानो (सह–आवेदक) एनपीए : 07 अप्रैल, 2025	मांग सूचना तिथि 09 अप्रैल 2025; बकाया राशि रु. 7,48,037/–	निम्न संपत्ति पता धारक संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश : 65/1, एनए, एनए, एनए, राजनगर कॉलोनी, 820, लोनी, होली चौक, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत, 201102, **सीमाओं का विवरण : बिक्री विलेख के अनुसार :** पूर्व : अन्य का प्लॉट, पश्चिम : अन्य का प्लॉट, उत्तर : अन्य की संपत्ति, दक्षिण : सड़क 14 फीट चौड़ी।

उपर्युक्त उधारकर्ताओं / गारंटरों को सलाह दी जाती है कि वे (1) अधिक और पूर्ण विवरण के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता से मूल सूचना प्राप्त करें और (2) सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए ऊपर उल्लिखित सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया शेष राशि का ब्याज और लागतों आदि के साथ भुगतान करें।

दिनाँक : 22–04–2025, स्थान : गाजियाबाद — हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, ईजी होम फाइनेंस लिमिटेड

SATYA MicroHousing Finance Private Ltd

पंजीकृत कार्यालय : 519, 5वाँ तल, डीएलएफ प्राइम टॉवर, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज– 1, नई दिल्ली– 110020
निगमित कार्यालय : 7वाँ तल, प्राइअस हाईट्स, सेक्टर 125, नोएडा– 201303

माँग सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएचएफपीएल) से लाभ उठाने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता/गण एसएमएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किस्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवासन बैंक द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों के अनुसार अनिष्पादनकारी परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(ओं) ने एसएमएचएफपीएल को अचल संपत्ति / संपत्तियों की प्रतिभूति उपलब्ध कराई है, जिसके विवरण यहां निम्नानुसार प्रस्तुत तालिका में दिये गये हैं। ऋण के विवरण और उधारकर्ता/ओं द्वारा एसएमएचएफपीएल हेतु आज तक बकाया और देय राशियां भी यहां निम्नानुसार प्रस्तुत तालिका में दी गई हैं। उधारकर्ता(ओं) के साथ–साथ जनसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एसएमएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी, प्रतिभूत ऋणदाता के रूप में, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ कर दी है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(गण) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के अंदर निम्न तालिका में अपने नामों के सम्मुख दर्शाई गई बकाया राशियों का प्रतिभुगतान करने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत प्रतिभूत ऋणदाता को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे, जिसमें संपत्ति/संपत्तियों का अधिग्रहण करने और उसे / उन्हें बेचने की शक्ति भी सम्मिलित है। सर्वसाधारण को सलाह दी जाती है कि वे यहाँ नीचे विवरणित संपत्ति / संपत्तियों का लेन–देन न करें।

क्र सं	उधारकर्ता(ओं) / सह–उधारकर्ता(ओं) के नाम / ऋण खाता सं. / शाखा	माँग सूचना तिथि एवं राशि	प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/यों) का विवरण
1	**HLNHFLND20002540 / शाखा : नोएडा 2** 1. पुष्पा 2.मनोज सोलंकी **पता 1 : गांव दनकौर, तुलसी नगर, दनकौर पी.ओ. बुलन्दशहर गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश भारत 203201 पता 2 : चक नं. 584, गाटा सं. 622/2, 623, 624, 627, कस्बा दनकौर, परगना दनकौर, तहसील और जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश भारत 203201**	17-04-2025 & ₹ 1315736/-	निम्न संपत्तिगत पता धारक संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश :– जो चक संख्या 584, गाटा संख्या 622/2, 623,624, 627, कस्बा दनकोर, परगना दनकोर, तहसील व जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश भारत 203201 में स्थित है, सीमाएं:– उत्तरः सड़क 12 फीट चौड़ी, दक्षिणः अन्य संपत्ति, पूर्वः रमेश का प्लॉट, पश्चिमः अन्य संपत्ति

स्थान : नोएडा — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
दिनाँक : 22–04–2025 — सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

Chola Enter a better life
निगमित कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 एवं सी55, 4, थिरू वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई–600032, तमिलनाडु

मांग सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के अंतर्गत तथा नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना(यें) निर्गत की थीं, जिनमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) को संबंधित सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि का, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता सकारण मानते हैं कि उधारकर्ता(गण) मांग सूचनायें प्राप्त करने के दायित्व की अनदेखी कर रहे हैं, अतएव सूचना उन्हें प्राप्त हो तथा वे उस में वर्णित आवश्यकताओं की समय पर पूर्ति करें इस उद्देश्यार्थ सूचना को नियमावली के अनुसार स्थान–स्थान पर चिपकाया जा रहा है तथा उसका प्रकाशन किया जा रहा है। मांग सूचना(ओं) की विषयवस्तु का यहां निम्न तालिका में सार प्रस्तुत है :–

क्र.सं.	उधारकर्ता/ओं तथा सह–उधारकर्ता/ओं के नाम तथा पते	ऋण राशि	मांग सूचना की तिथि तथा बकाया राशि	संपत्ति / प्रतिभूत परिसंपत्ति का विवरण
1.	**ऋण खाता संख्या : HL25MAT000093964 और HL31MAT000159219** 1. श्री/श्रीमती रूपेंद्र छत्रपाल 2. श्री/श्रीमती ज्योति चंदन 3. श्री/श्रीमती ज्योति रूपेंद्र **सभी यहां के निवासी :–** नगला हरगोविंद पदरारी मथुरा, तालाबों के पास, मथुरा, उत्तर प्रदेश – 281204, **इसके अलावा अन्य पता :–** बलदेव–राया रोड मौजा नगला भीमा तहसील मांट मथुरा उत्तर प्रदेश– 281204	लैन : HL25MAT000093964 हेतु राशि रू. 20,50,000/- और लैन : HL31MAT000159219 हेतु राशि रू. 9,50,000/-	16–04–2025 रु. 31,51,127/– (रुपये इकतीस लाख इक्यावन हजार एक सौ सत्ताईस मात्र) 11–04–2025 के अनुसार	खसरा नं. 231, मौजा– नगला भीमा, बलदेव राया रोड, तहसील– मांट, जिला–मथुरा, उत्तर प्रदेश–281204 पर स्थित वाणिज्यिक दुकान और आवासीय मकान के समस्त वह भाग तथा अंश। साइट विजिट के अनुसार **सीमाएंः– पूर्व–** राया–बलदेव रोड, **पश्चिम–** अन्य का खेत, **उत्तर–** धरनपाल सिंह का प्लॉट, **दक्षिण–** भिक्की का प्लॉट

उधारकर्ता(ओं) को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और भुगतान की प्राप्ति की तारीख तक के खर्चों के साथ करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता(ओं) द्वारा ली गई ऋण सुविधा उधारकर्ता(ओं) द्वारा गिरवी रखी गई सुरक्षित संपत्ति(ओं) के कारण अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता(ओं) निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूरा निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षित लेनदार सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा लेने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से उन्हें स्थानांतरित करना या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का आह्वान करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। सुरक्षित लेनदार को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, सुरक्षित लेनदार को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत सुरक्षित लेनदार के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ताओं को सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन–देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यापार के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। डिमांड नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता, यदि वे चाहें तो, सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता./–
स्थान : मथुरा, उत्तर प्रदेश — प्राधिकृत अधिकारी
दिनाँक : 16-04-2025 — कृते चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

आईएफएल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

मांग सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अंतर्गत।

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने आईएफएल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (आईएफएलएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के अंतर्गत तथा नियमावली के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, पहले ही अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत विस्तृत मांग सूचनायें निर्गत कर दी हैं, जिन सूचनाओं में उधारकर्ता(ओं) / सह–उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) (सभी एकल रूप में अथवा संयुक्त रूप में "दायित्वधारकों अर्थात् ऑब्लिगर्स" के रूप में संदर्भित) / विधिक उत्तराधिकारी(रियों) / विधिक प्रतिनिधि(यों), जिनकी सूची नीचे दी गई है, सभी को संबंधित मांग सूचना / ओं में अंकित बकाया धनराशियों का, संबंधित सूचना / ओं की तिथि से 60 दिवसों के अंदर, नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार, भुगतान करने को कहा गया था। उक्त सूचनाओं की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा प्रेषित की गई थीं तथा जो अब भी अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं, तथा उक्त दायित्वधारक(गण) / विधिक उत्तराधिकारी(गण) / विधिक प्रतिनिधि(गण), यदि वे ऐसा करने के इच्छुक हैं, किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्यालय समयावधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता से संबंधित प्रति / यां प्राप्त कर लें।

उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा उक्त दायित्वधारक(कों) / विधिक उत्तराधिकारी(रियों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) को एक बार पुनः सूचित किया जाता है कि वे संबंधित सूचना/ओं की तिथि से 60 दिवसों के अंदर, अपने संबंधित नामों के समक्ष यहां नीचे इसमें नीचे उल्लिखित धनराशियों का, उक्त दायित्वधारक(कों) द्वारा निष्पादित ऋण अनुबंध एवं अन्य प्रलेखों / आलेखों, यदि कोई, के साथ पठित, निम्न स्तंभ में अंकित संबंधित तिथियों से लेकर के भुगतान तथा / अथवा वसूली होने की तिथि तक आकलित होनेवाले निम्न विवरणितानुसार भावी ब्याज के साथ, आईएफएलएचएफएल को भुगतान करें। ऋण के नियत प्रतिभुगतान की प्रतिभूति के रूप में, उक्त दायित्वधारक(कों) द्वारा आईएफएलएचएफएल के पास क्रमशः निम्नलिखित प्रतिभूत परिसम्पत्ति(यों) को बंधककृत किया गया है।

ऋण खाता सं.	दायित्वधारक(कों) / विधिक उत्तराधिकारी(रियों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) के नाम	कुल बकाया देयराशि (रु.) निम्न तिथि* के अनुसार	मांग सूचना की तिथि एवं एनपीए तिथि	प्रतिभूत परिसंपत्तियों/ अचल संपत्तियों/ बंधककृत संपत्तियों का विवरण
LNDEL 00119- 200000 665	श्री अरविंद कुमार सिंह, श्रीमती श्यामली सिंह, श्री विकास गुप्ता	रु. 25,86,626/– 14.04.2025 के अनुसार	मांग सूचना की तिथि 14.04.2025 एनपीए तिथि 15.03.2025	भूखण्ड सं.– 60, संपूर्ण तृतीय तल छताधिकारों के साथ, पॉकेट– 6, सेक्टर– 21, रोहिणी, उत्तर पश्चिमी दिल्ली– 110063 भारत

टिप्पणी : इन समस्त प्रकरणों में संबंधित संपत्ति निम्नानुसार परिसीमित है : पूर्व– स्वामित्व विलेख के अनुसार, उत्तर– स्वामित्व विलेख के अनुसार, दक्षिण– स्वामित्व विलेख के अनुसार।

*संबंधित मांग सूचनाओं में अधिक विशिष्ट रूप में उल्लेखितानुसार दर पर भावी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क इत्यादि जो कि भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक उपगत हैं। यदि उक्त दायित्वधारक(गण) उपर्युक्तानुसार आईएफएलएचएफएल को भुगतान करने में विफल होंगे, तो आईएफएलएचएफएल समग्र रूप में लागतों एवं परिणामों से संबंधित उक्त दायित्वधारक(कों) / विधिक उत्तराधिकारी(रियों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) के जोखिम पर उपरोक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) / अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमावली के अंतर्गत कार्रवाई करेगी।

उक्त दायित्वधारक(कों) / विधिक उत्तराधिकारी(रियों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) को उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित किया जाता है कि वे आईएफएलएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति–अनुमति के बिना उपर्युक्त प्रतिभूत परिसम्पत्ति(यों) / अचल सम्पत्ति(यों) का विक्रय, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा हस्तांतरण नहीं कर सकेंगे। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम के प्रावधानों अथवा उनके अंतर्गत विरचित नियमावली का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के अंतर्गत उपलब्धानुसार कारावास दंड तथा / अथवा अर्थदंड दिया जाएगा।

कृते आईएफएल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली / राराक्षे — **संपर्क पता :** डी–16, प्रथम तल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर
दिनाँक : 21–04–2025 — प्रशाँत विहार, सेक्टर– 14, रोहिणी, नई दिल्ली– 110085

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई–400025. ईमेलः– hfquery@motilaloswal.com. सीआईएन नंबरः– U65923MH2013PLC248741

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति/यों के लिए) (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)

जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक को मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया था।

निम्नलिखित उधारकर्ता राशि वापस करने में असफल रहे हैं, इसलिए, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है।

क्र. सं.	ऋण अनुबंध संख्या/उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता का नाम	मांग की तिथि, नोटिस और बकाया राशि	कब्जे की तिथि लिया गया	अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का यह हिस्सा जिसमें स्थित है
1	LXALW00618-190071357 और LXMOHOF920-210560702 उधारकर्ताः – रमेश चंद शर्मा सह–उधारकर्ताः – सुमन। देवी	06–01–2025 के लिए रु. 8,18,835/–	17–04–2025	पट्टा संख्या –054 ग्राम पंचायत–हमीरपुर पंचायत समिति–बानसूर जिला–अलवर 054 0 0 ग्राम पंचायत भवन के पास 301402 बानसूर अलवर राजस्थान।
2	LXMOJAIP5423-240724333 उधारकर्ताः – शैतान सिंह नाथावत सह–उधारकर्ताः – प्रेम कंवर	06–01–2025 के लिए रु. 12,66,169/–	17–04–2025	प्लॉट नंबर 31, सिसा नंबर 49/345 स्थित 5183, 5186,5189, 51191,5192,5198 माप 185.78 वर्ग गज, तेजाजी विहार कस्बा काला तहसील सांगानेर 0 0 जयपुर 303007 जयपुर राजस्थान।
3	LXMOKAITHAL5522-230657624 उधारकर्ताः– दीपक कृष्ण सह–उधारकर्ताः – इंदी कृष्ण	10–02–2025 के लिए रु. 7,95,287/–	19–04–2025	संपत्ति का खेवा और खाता नंबर 163/303 खतौ 1 गैरमुमकिन आबादी क्षेत्रफल 134.44 वर्ग गज म्यूटेशन नंबर 2663 भाना ब्राह्मणान तहसील नरवाना 0 0 निकटवर्ती बाबा भालू राम मंदिर 126116 जिंद हरियाणा।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो कि ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

स्थान : राजस्थान और हरियाणा — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 22.04.2025 — मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

punjab national bank ...Together for the better

सर्कल शास्त्र केंद्र, शाहिल निवास कल्याण भवन सोलन के पास, जिला सोलन (हि.प्र.) 173212

कब्जा सूचना

चूंकि, **पंजाब नैशनल बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) के नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कथित नोटिस के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर यहां नीचे वर्णित नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ पूर्ण भुगतान और अन्य व्यय की अदायगी के लिए कर्जदारों/गारंटरों/रेहनकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए उनके नाम के अंतर्गत धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस जारी किया था।

कर्जदारों द्वारा वर्णित राशि की अदायगी करने में असफल रहने पर कर्जदारों व सामान्य तौर पर जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) के नियमों, 2002 के कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे प्रत्येक खाते के अंतर्गत वर्णित तिथि को यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का **प्रतीकात्मक कब्जा** ले लिया है।

कर्जदारों को विशेष तौर पर व आम जनता को सामान्य तौर पर कथित सम्पत्तियों के साथ लेन–देन करने के प्रति एतद्द्वारा सावधान किया जाता है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन देन यहां वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदारों के ध्यान में लाया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिभूतित सम्पत्तियों को बचाने के समय उपलब्ध है।

कर्जदारों/गारंटरों के नाम	संपत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि	प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि	बकाया राशि
श्री राजिंदर कुमार पुत्र श्री जुगल किशोर (उधारकर्ता) एचआईजी प्लॉट संख्या 30, हिमुडा कॉलोनी, फेज–2, सपरून, सोलन, तहसील और जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) 173211। **श्री अनिल बब्बर पुत्र श्री जुगल किशोर** ड्रीम होम्स 379, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन 1, साहिबाबाद, गाजियाबाद (उप्र) 201005। **श्रीमती अन्नू अग्रवाल** पत्नी श्री राजिंदर कुमार द्वितीय तल फ्रंट साइड फ्लैट, प्लॉट संख्या एनके 1/911 पर निर्मित, नीति खंड 1, इंद्रपुरम, तहसील और जिला गाजियाबाद (उप्र) 201014 में स्थित। **श्रीमती चारु गोगना** पत्नी श्री अनिल बब्बर ए–10 विवेक विहार, दिल्ली 110095	संपत्ति द्वितीय तल, फ्रंट साइड फ्लैट, प्लॉट संख्या एनके 1/911, नीति खंड– 1, इंद्रापुरम, गाजियाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद– उत्तर प्रदेश में स्थित है।	25.01.2025	19.04.2025	27/11/2024 तक 1,47,03,525.16 रुपये (एक करोड़ सैंतालीस लाख तीन हजार पांच सौ पच्चीस रुपए और पैसे सोलह मात्र)

दिनांक : 22.04.2025, स्थान : गाजियाबाद — प्राधिकृत अधिकारी

HDB FINANCIAL SERVICES — सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत मोचन सूचना

From the trusted family of HDFC Bank

पंजीकृत कार्यालयः राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद – 380009
शाखा कार्यालयः एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड.ई–145, रमेश मार्ग, सरदार पटेल मार्ग के सामने, सी–स्कीम, जयपुर, राजस्थान–302001

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खातों में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत निर्गत सूचना के अनुसार कंपनी के बकाए की वसूली हेतु "जैसा है जहाँ है" तथा "जो है यही है" के आधार पर विक्रय करने का अधिकार रखते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

1. कर्जदार/रों तथा जमानती/यों का नाम एवं पता 2. से कुल बकाया + ब्याज	संपत्ति का विवरण	सूचना का विवरण
